उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# बदायूँ अमर प्रभात

बदायूँ, शनिवार, 04 मई, 2024 | विश्वास 40 वर्ष का | वर्ष 41 अंक 283 मूल्य : रुपये 3-00 पृष्ठ-08





हममें से किसी ने अपना विकेट जान-बूझकर नहीं गंवाया: रियान पराग

पिता की डांट से नाराज होकर बच्चे ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

साढ़े छह लाख की ठगी में पुलिस को परिजन पर ही शक

बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद, www.budaunamarprabhat.com संभल, मुरादाबाद, रामपुर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, हाथरस, आगरा अलीगढ़ में प्रसारित

बज रहा डंका

## ग्लोबल इकॉनमी में भारत बन रहा दुनिया की फैक्ट्री!

### अमेरिका दो दशक का रेकॉर्ड तोड़ने के करीब, चीन की हालत खस्ता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। ग्लोबल इकॉनमी में उसकी हिस्सेदारी दो दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने की राह पर है। आईएमएफ के मुताबिक ग्लोबल इकॉनमी में अमेरिका की हिस्सेदारी 26 फीसदी पहुंचने का अनुमान है। यह दो दशक में सबसे ज्यादा है। एक दशक पहले देश की हिस्सेदारी यूरोपियन यूनियन और ब्रिटेन के कंबाइंड कंट्रीब्यूशन से ऊपर पहुंची थी। आज वर्ल्ड इकॉनमी में अमेरिका का योगदान यूरोपियन यूनियन और ब्रिटेन के कंबाइंड कंट्रीब्यूशन से पांच फीसदी अधिक हो चुका है। इस बीच ग्लोबल इकॉनमी में चीन की हिस्सेदारी 2021 से लगातार घट रही है। 2024 में इसके 17 फीसदी रहने का अनुमान है। अमेरिका और चीन के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है और अमेरिका कभी भी इतनी मजबूत स्थिति में नहीं था। करीब दो दशक तक दुनिया की फैक्ट्री रहा चीन आज आर्थिक मोर्चे पर कई तरह की दिक्कतों का सामना कर रहा है। देश की रियल एस्टेट सेक्टर गहरे संकट में है। चीन की इकॉनमी में इस सेक्टर का करीब एक तिहाई योगदान है। रियल एस्टेट के डूबने से बैंकिंग सेक्टर भी गहरे संकट में हैं। विदेशी कंपनियां और निवेशक चीन से मुंह मोड रहे हैं। कोरोना काल के बाद कई विदेशी कंपनियां चाइना प्लस वन की पॉलिसी पर आगे बढ़ रही हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है और अमेरिका के साथ तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कई मुद्दों पर चीन और अमेरिका में ठनी हुई है। चीन सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर नियमों के सख्त बनाया है। यही वजह है कि विदेशी कंपनियां वहां अपना बोरिया बिस्तर समेट रही हैं। साल 2006 में ग्लोबल इकॉनमी में यूरोपियन यूनियन और ब्रिटेन की हिस्सेदारी 30 फीसदी थी जो अब करीब 21 फीसदी रह गई है। चीन की हिस्सेदारी 2006 में पांच फीसदी थी जो 2020 में 19 फीसदी के करीब पहुंच गई थी लेकिन 2021 से इसमें लगातार गिरावट आई है और इस साल उसके 17 फीसदी रहने का अनुमान है। इस दौरान जापान की हिस्सेदारी भी घट गई है।

## लोकसभा चुनाव के बीच 5 मई को अयोध्या जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज की वोटिंग से पहले यानि की 5 मई को पीएम मोदी अयोध्या के दौरे पर जाएंगे। यहां पर वे फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में रोड शो करेंगे। इतना ही नहीं, वे राम मंदिर जाकर रामलला के दर्शन और पूजन करेंगे। पीएम मोदी के अयोध्या दौरे को यादगार बनाने के लिए बीजेपी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पीएम मोदी अयोध्या में करीब 2 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। इस दौरान उन पर जगह-जगह पर फूल बरसाए जाएंगे। अयोध्या के लोग पीएम मोदी के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के दौरे पर जा रहे हैं।



संक्षिप्त समाचार

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार करने को तैयार एससी

- कहा-गिरफ्तारी पर सुनवाई में समय लग सकता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दो घंटे बहस हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है, ताकि वे कैंपेन में हिस्सा ले सकें।



बेंच ने कहा कि मेन केस यानी जिसमें केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है, इसमें समय लग सकता है। कोर्ट ने ईडी से कहा- अगली सुनवाई में अंतरिम जमानत की शर्तों को भी बताया जाए। हमे अंतरिम जमानत देने या न देने पर अभी फैसला करना है। हम 7 मई को इस पर सुनवाई करेंगे। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखीं। सिंघवी ने एक बार फिर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। केजरीवाल ने ईडी के 9 समन का जवाब दिया था। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। वहीं एसवी राजू ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का आधार बताया।

## सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी-सीबीआई को नोटिस

- बीमार पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलने की परमीशन भी मिली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाई कोर्ट में एएपी नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी-



सीबीआई को नोटिस देकर जवाब मांगा है। साथ उन्हें बीमार पत्नी सीमा से हफ्ते में एक बार मिलने की परमीशन भी दी है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। ट्रायल कोर्ट से बेल खारिज होने के बाद सिसोदिया ने 30 अप्रैल को एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच के सामने याचिका लगाई थी। सिसोदिया ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े प्रवर्तन निदेशालय के मनी लॉन्ड्रिंग और केंद्रीय जांच ब्यूरो के भ्रष्टाचार मामले में दो याचिकाएं लगाई हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 30 अप्रैल को सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज की थी, जिसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया था।

झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस में

## लूट और भ्रष्टाचार को लेकर है रेस

### चाईबासा में पीएम मोदी बोले-आरक्षण को कोई छीन नहीं सकता

चाईबासा (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। झारखंड के लोगों की भावनाओं को अगर कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फभाजपा ही है। उन्होंने कहा-आपका ये प्यार, ये आशीर्वाद... यही मोदी की ताकत है। पीएम मोदी शुक्रवार को चाईबासा के टाटा मैदान में बीजेपी प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में चुनावी रैली संबोधित किया। पीएम को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा- झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर हमारे आदिवासी भाई-बहनों का अधिकार है, लेकिन जेएमएम और कांग्रेस... इसे अपनी जागीर समझती है। यही वजह है कि झारखंड के हर संसाधन की खुली लूट चल रही है। पूरे राज्य के खान-खनिज को अवैध खनन कर लूटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि अब कांग्रेस की नजर एससी, एसटी, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालने पर है। कांग्रेस को गुस्सा इसलिए है, क्योंकि आदिवासी, दलित, गरीब और ओबीसी बीजेपी का समर्थन करते हैं।



कांग्रेस आपके आरक्षण पर डाका डालकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं।' उन्होंने कहा- 'संविधान को कोई हाथ नहीं लगा सकता है. कोई दलितों, ओबीसी व आदिवासियों का आरक्षण नहीं छीन सकता।'

### कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को सम्मान नहीं दिया

पीएम मोदी ने कहा- सिंहभूम और झारंखड की धरती, आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती है, लेकिन कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस आजादी का पूरा श्रेय केवल एक परिवार को देना चाहती है, लेकिन ये भाजपा है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को एक और पहचान दी- इस दिन को हमने जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की है। हम देशभर में जनजातीय गौरव के लिए जनजातीय म्यूजियम बना रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को आदिवासियों के इतिहास का सम्मान पसंद नहीं है। वो जनजातीय समाज के लोगों को आगे बढ़ने देना नहीं चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने एक आदिवासी महिला (द्रौपदी मुर्मू) को भारत के राष्ट्रपति बनाने का घोर विरोध किया। उन्होंने कहा- ये आपका बेटा मोदी दिल्ली में बैठा है, जो आपका दर्द जानता है। इसलिए मैंने कहा- चाहे डॉक्टर हो, इंजीनियर हो, वैज्ञानिक हो... वो अपनी भाषा में पढ़ेगा तो वो भी डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनेगा। पिछले 10 वर्षों में मोदी ने आदिवासी भाई-बहनों के लिए मकान, बिजली, पानी और गैस सिलेंडर जैसी सुविधाएं दी है। हमारे प्रयास से झारखंड में 18 लाख लोगों को पक्के घर मिले हैं। ढाई करोड़ से ज्यादा लोगों को यहां हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है ताकि गरीब के घर का बच्चा भूखा न सोए। पिछले 10 वर्षों में मोदी ने आदिवासी भाई-बहनों के लिए मकान, बिजली, पानी और गैस सिलेंडर जैसी सुविधाएं दी है। हमारे प्रयास से झारखंड में 18 लाख लोगों को पक्के घर मिले हैं। ढाई करोड़ से ज्यादा लोगों को यहां हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है ताकि गरीब के घर का बच्चा भूखा न सोए। पीएम ने कहा- 'हमारे लिए आदिवासियों का विकास पहली प्राथमिकता है। आदिवासी समाज के विकास के लिए अलग जनजातीय मंत्रालय बनाया।

## एससी ने जीएसटी एक्ट के तहत नोटिस-गिरफ्तारियों का डेटा मांगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जीएसटी एक्ट के तहत 1 से 5 करोड़ रुपए के डिफॉल्ट के लिए जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियों का डेटा मांगा है। कोर्ट ने कहा कि कभी-कभी गिरफ्तारियां नहीं की जाती हैं, लेकिन लोगों को नोटिस जारी करके, गिरफ्तारी की धमकी देकर परेशान किया जाता है। कोर्ट ने गुरुवार को जीएसटी एक्ट, कस्टम एक्ट के प्रावधानों को चुनौती देने वाली 281 याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हम नागरिकों की आजादी छीनने से बचाने के लिए दिशा-निर्देश तय कर सकते हैं, लेकिन उनका उत्पीड़न नहीं होने देंगे।

## शिवसेना उद्धव गुट की नेता सुषमा अंधारे का हेलीकॉप्टर क्रैश

- किसी के घायल होने की जानकारी नहीं, क्रैश की वजह साफ नहीं,

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के महाड में शुक्रवार को शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता सुषमा अंधारे का



हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। सुषमा अंधारे बारामती में महिला मेले में शामिल होने जा रही थीं। सुषमा के हेलीकॉप्टर में चढ़ने से पहले ही हेलीकॉप्टर का बैलेंस बिगड़ गया और वो क्रैश हो गया। हेलीकॉप्टर क्रैश में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि क्रैश की वजह अभी साफ नहीं है। जांच की जा रही है। हालांकि जिस समय हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ उस समय दो पायलट सवार थे। दोनों चोटिल हो गए। यह घटना सुबह 9.30 बजे की है।

## राहुल ने छोड़ी अमेठी, रायबरेली से किया नामांकन

### सोनिया-प्रियंका रहीं मौजूद प्रियंका बोलीं-हम सेवा की राजनीति वापस चाहते हैं

रायबरेली/अमेठी (एजेंसी)। राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन कर दिया है। उनके साथ सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, जीजा रॉबर्ट वाड्रा मौजूद रहे। किशोरी लाल शर्मा ने भी अमेठी से नॉमिनेशन कर दिया है। कांग्रेस ने नॉमिनेशन के आखिरी दिन रायबरेली से राहुल और अमेठी से किशोरी लाल के नाम का ऐलान किया। किशोरी सोनिया गांधी के भरोसेमंद माने जाते हैं। शुक्रवार सुबह 9 बजे राहुल परिवार के साथ दिल्ली से रायबरेली के लिए रवाना हुए। साढ़े 10 बजे अमेठी-रायबरेली बॉर्डर पर स्थित फुरसतगंज एयरपोर्ट पर उतरे। एयरपोर्ट से सोनिया, राहुल और रॉबर्ट वाड्रा रायबरेली कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जबकि प्रियंका और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत अमेठी गए। यहां किशोरी लाल के साथ रोड शो किया। प्रियंका ने कहा- हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। अब मौका आ गया है। ये आपका चुनाव है, आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे। नामांकन से पहले राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय में पूजा की। इसके बाद काफिले के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने रायबरेली से योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया है, जबकि अमेठी से स्मृति ईरानी लड़ रही हैं। अमेठी से दावेदारी छोड़ने पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने राहुल पर तंज कसा। उन्होंने कहा-राहुल अमेठी से पलायन करके वायनाड गए। रायबरेली की जनता समझ चुकी है, ये रणछोड़ दास लोग हैं। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला।



### राहुल ने चुनाव से पहले ही मान ली हार

- मेहमानों का अमेठी में स्वागत...स्मृति इरानी ने कसा तंज

**अमेठी (एजेंसी)।** आखिरकार राहुल गांधी ने रायबरेली लोकसभा सीट से अपना नामांकन फाइल कर दिया है। चर्चा थी कि वह एक बार फिर अमेठी से चुनाव लड़ेंगे पर उनकी जगह सोनिया गांधी के करीबी केएल शर्मा को टिकट दे दिया गया। केंद्रीय मंत्री और अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी ने इसको लेकर राहुल गांधी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अमेठी में कांग्रेस ने चुनाव के पहले ही हार मान लिया है। गांधी परिवार का अमेठी से नामांकन ना करना इस बात का संकेत कर रहा है। यदि उन्हें जीत की कोई गुंजाइश लगती तो राहुल गांधी स्वयं यहां से चुनाव लड़ते। स्मृति इरानी ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि मेहमानों का अमेठी में स्वागत है। हम मेहमानों के स्वागत में कोई कमी नही रखेंगे। यह तो पहले से देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वायनाड में चुनाव हो जाने के बाद गांधी परिवार कोई नई सीट चुनेगा वही हुआ। पिछले पांच सालों में दो साल कोरोना में बीत गए। बचे तीन सालों में हमने जो विकास किया, उससे अमेठी की जनता लाभान्वित हुई है।



## बंगाल गवर्नर आनंद बोस के खिलाफ महिला ने की यौन उत्पीड़न की शिकायत

- महिला ने कहा-मेरे साथ छेड़खानी हुई; बोस बोले-मुझे बदनाम करने की साजिश है

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की महिला कर्मी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उसने मामले को लेकर हरे स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, महिला का आरोप है कि वो 24 मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी। तब राज्यपाल ने बदसलूकी की। गुरुवार को फिर यही हुआ तो वह राजभवन के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी के पास शिकायत लेकर गई। हालांकि, राज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महिला के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा, ये मुझे बदनाम करने की साजिश है। मेरे ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। सत्य की जीत होगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं बनावटी नरेटिव से डरने वाला नहीं। कोई मुझे बदनाम करके चुनावी फायदा चाहता है, तो भगवान भला करे। मैं भ्रष्टाचार-हिंसा के खिलाफ लड़ाई नहीं रोक सकता। तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने महिला के आरोपों को लेकर एक वीडियो बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ एक गंभीर आरोप लगाया गया है।



## गठबन्धन के हाथ सत्ता जाना मतलब अनाड़ी के हाथ में ट्रैक्टर पकड़ाना: योगी

### शुक्रवार को जनपद के गुन्नौर में प्रदेश के मुखिया और एमपी के सीएम ने की जनसभा

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में शुक्रवार को यूपी और मध्य प्रदेश के सीएम ने बदायूं,संभल के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की।23-लोकसभा क्षेत्र बदायूं के गुन्नौर क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा ये जो गठबंधन है, इसका सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि भारत के हितों को कैसे ठेस पहुंचाई जाए। ये जो दो लड़कों की जोड़ी बनी है, ये जिंदगी भर लड़के ही बने रहेंगे।÷ यदि इनके हाथ में सत्ता जाने का मतलब होगा कि किसी अनाडी के हाथ में ट्रैक्टर पकड़ा दिया जाए। उन्होंने राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भगवान राम विराजमान हो गए हैं तो प्रदेश से माफिया और गुंडों का भी राम नाम सत्य हो गया है, जो बाकी बचे हैं धीरे-धीरे उनका भी राम नाम सत्य हो जाएगा।



जनसभा के दौरान सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का जो ये गठबंधन है यह देश के अंदर अलग-अलग लोगों से मिलकर चुनाव लड़ रहा है। उनका कोई उद्देश्य नहीं है। न ही देश के हित में, न विकास के लिए, न लोक कल्याण के लिए, न सुरक्षा के लिए। उनका एक ही उद्देश्य है कि भारत के हितों को कैसे ठेस पहुंचाई जाए।वहीं समाजवादी पार्टी का सैफई परिवार आता था तो कहता था कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता और आज भगवान श्रीराम 500 वर्षों के बाद विराजमान हो गए। कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं और आज कहते हैं कि राम तो सबके हैं। ये दोहरा चरित्र है इनका।आगे बोले कि सपा और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि ये आपको सुरक्षा नहीं दे सकते, विकास नहीं दे सकते, नौजवानों को रोजगार नहीं दे सकते, आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते। आज ये कह रहे हैं कि पिछड़ी जातियों को मिलने वाले आरक्षण का हिस्सा काटकर मुसलमानों को दे देंगे। मोदी जी ने आश्वासन दिया है कि पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के हक पर किसी को डकैती डालने की छूट नहीं दी जाएगी और अगर कोई डकैती डालेगा तो भाजपा डटकर सामना करेगी।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) सत्येंद्र सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सैनी, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष संभल हरेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व विधायक पुष्पा यादव, अजीत, विधायक महेश गुप्ता और बदायूं जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# –: वेदोपदेश :–

**ओइम नमस्ते अस्त्वायते नमो अस्तु परायते।**
**नमस्ते प्राण तिष्ठत आसीनायोत ते नम:।।**

भावार्थ :–मनुष्यमात्र को चाहिये कि अपने किसी बन्धुवर्ग व मित्र के आने–जाने में परमात्मा से प्रार्थना करें और अपने लिए भी उस परमात्मा से हर एक चेष्टा में प्रार्थना करे, जिससे अपने मित्रों के और अपने काम निर्विघ्नता से सम्पूर्ण हों।

# सम्पादकीय

## घटनाओं से सबक लेने की जरूरत

जब से स्मार्टफोन के साथ हर हाथ में कैमरा पहुंचा है, तब से काफी लोगों के भीतर एक विचित्र-सी मनोदशा का विकास होता देखा जा सकता है, जिसमें वे मौके-बेमौके बिना किसी मायने के अपनी तस्वीरें उतारते रहते हैं। इसका विस्तार सोशल मीडिया पर खुद को अभिव्यक्त करने के रूप में हुआ और हर वक्त अपनी तस्वीर या फिर वीडियो बना कर प्रसारित कर देना मानो किसी जरूरी काम की तरह देखा जाने लगा। विडंबना यह है कि इस शौक ने विवेक को जिस बुरी तरह प्रभावित किया, उसका खमियाजा केवल आपसी व्यवहारों के स्तर पर नहीं उठाना पड़ा, बल्कि इस वजह से मौत की घटनाएं भी बढ़ती गई हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि सोशल मीडिया पर रील के आकर्षण में वीडियो बनाने की कोशिश में हादसे का शिकार होकर किसी युवा की जान चली गई। ये नाहक और बिना किसी कारण के होने वाली मौतें हैं, जिनके पीछे महज विवेकशून्य होकर अपने किसी शौक को पूरा करने की भूख मुख्य वजह है। हरिद्वार में बुधवार को बीस वर्ष की एक छात्रा ने रेल की पटरी पर रील बनाने की कोशिश की और उसी समय आई ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी जान चली गई। जिस बच्ची को अभी पढ़ाई-लिखाई करनी थी, खेलना-कूदना था और भविष्य बेहतर बनाने के सपने देखने थे, वह सिर्फ रील बनाने के शौक में मारी गई। इस तरह की घटनाओं का एक सिलसिला-सा चल पड़ा है। ऐसा लगता है कि विवेक का उपयोग करने के बजाय इस तरह की भेड़चाल में शामिल हो गए लोगों के पास सही वक्त पर फैसला लेने की क्षमता भी नहीं बचती और इसी क्रम में वे किसी जानलेवा हादसे का शिकार हो जाते हैं। आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता हमारी जीवन-स्थितियों में गुणात्मक सुधार लाती है, लेकिन बेलगाम और गैरजरूरी तरीके से इसके इस्तेमाल में डूब जाना वक्त बर्बाद करने का जरिया बनने से लेकर जानलेवा तक साबित हो सकता है।

### विचारकण

1- प्रेम प्रकाश है, स्वार्थ अन्धकार है।
2- लौकिक सुख बन्धन कारी होता है।
3- कर्ता के बिना कार्य सम्पन्न नहीं होता है, ईश्वर के बिना जगत की रचना असम्भव है।
4- कामना की पूर्ति नयी कामना को ही जन्म देती है।
5- कर्त्तव्य विज्ञान को समझे बिना जीवन असफलता असम्भव है।

आचार्य वेदव्रत आर्य

### आज का राशिफल

**मेष** आज चुनौतीपूर्ण दिन रहेगा। मकर राशि का चन्द्रमा आपके सामने ढ़ेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा।

**तुला** आज अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ** आज आपको आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

**वृश्चिक** आज कोई महत्वपूर्ण बिजनेस डील आपके पक्ष में फाइनल हो सकती है।

**मिथुन** भाव में सूर्य के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है।

**धनु** करीबी मित्रों से धन का लाभ, निरोगता शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्धि होगी।

**कर्क** आज आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा।

**मकर** उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा।

**सिंह** साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी।

**कुंभ** किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या** आज राशि का स्वामी बुध अपने के घर सप्तम प्रमुख केन्द्र जाया भाव घर में संचार कर रहे हैं।

**मीन** नये स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक आचार्य वेदव्रत आर्य द्वारा वेदभानु प्रेस निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूँ से मुद्रित एवं निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ बदायूँ से प्रकाशित।
आर० एन० आई० नं०–43123/84।
डाक पंजीयन सं० G-25/Regd. / BDN-17/06-07/31.12.09
फोन नं०-05832-266581 Website -www. budaunamarprabhat.com,
E-Mail- editoramarprabhat@gmail.com

# राहुल की उम्मीदवारी से निराशा!

(अशोक त्रिपाठी-हिफी फीचर)

इसी को कहते हैं खोदा पहाड़, निकली चुहिया। अमेठी और रायबरेली को लेकर कांग्रेस किसे उतारती है, इस पर मैराथन चिंतन हुआ है। कांग्रेस के रणनीतिकार भी कह रहे थे कि श्रीमती सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद रायबरेली की सीट से उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ें। इंडिया गठबंधन में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के प्रमुख सहयोगी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी यही कह रहे थे कि यदि प्रियंका गांधी रायबरेली से और राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो इससे गठबंधन को ताकत मिलेगी। कांग्रेस के प्रति जिनको थोड़ा-बहुत लगाव है, वे भी यही चाहते थे कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ें और प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली से बिरासत संभालें। निराशा तो इससे भी हो रही थी कि इतने दिनों तक इस फैसले को टाला गया। अमेठी और रायबरेली में जब नामांकन को एक ही दिन अर्थात् 3 मई बची थी, तब सबेरे यह फैसला हुआ कि राहुल गांधी रायबरेली की सीट से चुनाव लड़ेंगे और अमेठी से किशोरीलाल शर्मा कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे। इस प्रकार अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी का मुकाबला करने की हिम्मत राहुल गांधी नहीं जुटा पाए, यह संदेश जनता के बीच चला गया है। प्रियंका गांधी वाड्रा भले ही कह रही हैं कि भाजपा के कांग्रेस पर वंशवादी आरोप के चलते वे रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ रही हैं लेकिन यह बात किसी के गले से नीचे नहीं उतर रही है। प्रियंका गांधी जब राजनीति में सक्रिय हैं तो परिवारवाद से वह कैसे बच सकेंगी? पार्टी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी चाहते थे कि प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली से चुनाव लड़ें और राहुल गांधी एक बार फिर अमेठी में स्मृति ईरानी को चुनौती दें। कांग्रेस के इस फैसले से अच्छा संदेश नहीं गया है। भाजपा ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को एक दिन पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिया था। दिनेश प्रताप सिंह 2019 में श्रीमती सोनिया गांधी से भले ही पराजित हो गये थे लेकिन इस बार राहुल गांधी को कड़ी टक्कर देंगे।



कांग्रेस ने उत्तर पंदेश में अपनी दो पंतिष्ठित सीटों, अमेठी और रायबरेली के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। इसी के साथ पियंका गांधी वाड्रा के चुनावी मैदान में उतरने की अटकलों पर भी विराम लग गया। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस पंमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने पियंका गांधी वाड्रा से अमेठी या रायबरेली से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने इससे साफ इनकार कर दिया। सूत्रों ने बताया कि इसका कारण ये था कि उनके भाई राहुल गांधी की जीत से गांधी परिवार के तीन सदस्य संसद में पहुंच जाएंगे। उनकी मां सोनिया गांधी अब राज्यसभा में हैं। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने तर्क दिया कि इससे भाजपा के वंशवादी राजनीति वाले आरोपों को और बल मिलेगा। हालांकि, कुछ नेताओं को डर है कि उनके फैसले से मतदाताओं के बीच नकारात्मक धारणा पैदा हो सकती है। पियंका गांधी वाड्रा बड़े पैमाने पर पंचार कर रही हैं और पीएम मोदी के ग्रैंड ओल्ड पार्टी पर मंगलसूत्र आरोप के बाद कांग्रेस के जवाबी हमले का चेहरा रही हैं। कई लोगों का मानना है कि अगर वह चुनाव लड़तीं तो कांग्रेस को उनकी स्टार पावर से फायदा हो सकता था। कांग्रेस के सस्पेंस खत्म करने बाद हैरानी इस बात की है कि राहुल गांधी को अमेठी के बजाय रायबरेली से मैदान में उतारा गया। अबकी बार अमेठी के लिए, कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को चुना, जो लंबे समय से गांधी परिवार के वफादार है। केएल शर्मा, पहले रायबरेली में सोनिया गांधी के पंतिनिधि के रूप में काम कर चुके हैं।

राहुल गांधी, केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं और शर्मा अमेठी से। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को अमेठी और रायबरेली में मतदान होगा। राहुल गांधी का मुकाबला रायबरेली में भाजपा के दिनेश पंताप सिंह से होगा और शर्मा का मुकाबला अमेठी में केंदीय मंत्री स्मृति ईरानी से होगा। ईरानी ने 2019 के चुनावों में राहुल गांधी के खिलाफ एक चौंकाने वाली जीत हासिल की थी और निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पंचार कर रही थीं। भाजपा ने राहुल गांधी को अमेठी से रायबरेली भेजने के कांग्रेस के कदम पर उन पर कटाक्ष किया है। पार्टी पंवक्ता जयवीर शेरगिल ने कहा कि कांग्रेस अब दिन में सपने देखने की आदी हो गई है। उन्होंने कहा, अमेठी में चुनाव नहीं लड़ने के राहुल गांधी के फैसले से पता चलता है कि कांग्रेस के अभियानों में आत्मविश्वास की कमी है। एक जिम्मेदार जनरल की तरह लड़ाई का नेतृत्व करने के बजाय, वह एक भगोड़े सैनिक की तरह व्यवहार कर रहे हैं। अमेठी से कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के सबसे नजदीकी स्थानीय कार्यकर्ताओं में से एक हैं।

बीजेपी के इस आरोप पर कि गांधी परिवार ने अमेठी से चुनाव इसलिए नहीं लड़ा क्योंकि वे डरे हुए थे। केएल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी मैदान से भागने वाले व्यक्ति नहीं हैं। वह पूरे देश के लिए लड़ रहे हैं। अमेठी में दलित (26 फीसदी), मुस्लिम (20 फीसदी) और ब्राह्मण (18 फीसदी) का दबदबा है। कांग्रेस को लगता है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से केएल शर्मा को फायदा हो सकता है। ध्यान रहे कि करीब 55 हजार वोटों से राहुल गांधी 2019 में स्मृति ईरानी से हारे थे। इन पांच सालों में केन्दीय मंत्री बनने के बाद स्मृति ईरानी ने यहां पर काम करवाए और स्थानीय लोगों का भरोसा जीतने का काम भी किया। अब तो उन्होंने अपना घर भी वहां बनवा लिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर पंदेश की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने पर बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, इससे यह जाहिर होता है कि राहुल गांधी ने वायनाड से अपनी हार स्वीकार कर ली है। वह पहले अमेठी से भागे, अब वायनाड से और इस बार उन्हें रायबरेली से भी भागना पड़ेगा।

पंधानमंत्री नरेंदं मोदी भी राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने से डर गए हैं। यही वजह है कि उन्होंने इस बार अमेठी की जगह रायबरेली से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से पहले सोनिया गांधी भी डरकर राजस्थान चली गई थीं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस अब जिस स्थिति में है उससे ये तो साफ है कि उन्हें इस बार पहले से भी कम सीटें आ रही हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट भी किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मैंने पहले से ही बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं- डरो मत! मैं भी इन्हें यही कहूंगा- डरो मत! भागो मत! आपको बता दें कि पीएम मोदी ने इससे पहले कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए पूछा था कि क्या वायनाड में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण का लाभ देने के लिए कोई डील हुई है। पीएम मोदी ने साथ ही कहा था कि धर्म-आधारित आरक्षण देना असंवैधानिक है, उन्होंने कांग्रेस पर एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से आरक्षण छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा था कि आज, क्या हो रहा है, क्या वे (कांग्रेस) एससी, एसटी और ओबीसी के लिए संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण को छीनने के तरीके ढूंढ रहे हैं, वे धर्म- आधारित आरक्षण देना चाहते हैं। मोदी और भाजपा के आरोपों का कांग्रेस और राहुल गांधी के पास कोई जवाब नहीं है। **(हिफी)**

# कोविशील्ड पर भ्रम न फैलाएं

**(अशोक त्रिपाठी-हिफी फीचर)**

रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है-

विधि प्रपंच गुण-अवगुण साना

अर्थात् इस सृष्टि में सभी वस्तुएं न तो पूरी तरह गुणों से भरी हैं और न अवगुणों से। कुछ न कुछ कमी मिल ही जाएगी। समुद्र मंथन से अमृत निकला था तो विष भी मिला था। इसलिए कोरोना जैसी महामारी की वैक्सीन को लेकर भ्रम पैदा करना उचित नहीं है। कोविड-19 ने अमेरिका, ब्रिटेन जैसे विकसित देशों को घुटनों के बल खड़ा कर दिया था। भारत ने तो फिर भी बहुत धैर्य और साहस दिखाया। देश में पहली बार इतने कम समय में कोरोना की वैक्सीन डेवलप हो गयी थी। कोरोना की दूसरी लहर को याद करके आज भी आंखें डबडबा आती हैं। उसी लहर में कितने ही हमारे निकटतम हमसे बिछुड़ गये। उस समय कोई वैक्सीन नहीं थी। कहने की जरूरत नहीं कि कोरोना की तीसरी लहर को कम घातक बनाने में वैक्सीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्हीं में एक वैक्सीन कोविशील्ड है जिसको बनाने वाली कम्पनी एस्ट्रेजेनेका ने ब्रिटिश हाईकोर्ट में इसके खराब साइड इफेक्ट-ब्लड क्लोटिंग अर्थात् खून के थक्के जमने के बारे में सच्चाई को कबूला है। हो सकता है इस वैक्सीन में यह अवगुण भी रहा हो लेकिन कोरोना जैसी महामारी के घातक स्वरूप से वैक्सीन ने हमें बचाया है, इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता। अब तो वैक्सीन लगवाने से तीन साल से ज्यादा का समय बीत गया है तो देशवासियों में किसी तरह का भ्रम न फैलाया जाए। दिल का दौरा पड़ने में खून का थक्का जमने से ज्यादा भय का योगदान होता है। जीव विज्ञानी इस दिशा में बेहतर प्रयास कर रहे हैं। मीडिया को भी इसमें मदद करनी चाहिए।

कोरोना महामारी में भारत में 90 फीसदी से ज्यादा लोगों को लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन सवालों के घेरे में आ गई है। इसे बनाने वाली कंपनी एस्ट्रेजेनेका ने ब्रिटिश हाईकोर्ट में इसके खराब साइड इफैक्ट ब्लड क्लोटिंग (थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम) की बात कुबूली है, जिससे दुनियाभर में इस वैक्सीन को लगवाने वाले लोगों में डर पैदा हो गया है। भारत में न केवल इस वैक्सीन पर तमाम सवाल उठ रहे हैं बल्कि इसे बनाने वाली भारतीय कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया भी कठघरे में है। हालांकि इस वैक्सीन को लगे 3 साल से ज्यादा का समय हो गया है, ऐसे में भारतीय लोगों में इस वैक्सीन का कितना खतरा है, इसे लेकर दिल्ली के टॉप कार्डियोलॉजिस्ट और वायरोलॉजिस्ट ने अपनी राय दी है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) नई दिल्ली के कार्डियोलॉजिस्ट पीफेसर नितीश नायक और डॉ- अंबेडकर सेंटर फॉर बायोमेडिकल रिसर्च नई दिल्ली के डायरेक्टर और जाने माने वायरोलॉजिस्ट पीफेसर सुनीत के सिंह ने कोविशील्ड वैक्सीन से जुड़े खतरों को लेकर हर सवाल का जवाब दिया हैं। डा- नायक के अनुसार एस्ट्रेजेनिका ने स्वीकारा है कि इससे साइड इफैक्ट हुआ है तो उसने कुछ केस ऐसे देखे होंगे। इस वैक्सीन के लगने के बाद कुछ लोगों में ब्लड क्लोटिंग देखी गई, जिसका एक असर हार्ट अटैक भी होता है। हालांकि हमको ये भी देखना होगा कि उस महामारी के दौरान जब कोविड को लेकर कोई विकल्प ही नहीं था और आपातकाल में जनसंख्या को सुरक्षित करना था तो उसके अच्छे-बुरे को देखें तो जितने लोग वैक्सीनेटेड हुए हैं और जितनों को इससे साइड इफैक्ट हुआ है, उसमें जमीन और आसमान का अंतर है। एस्ट्रेजेनेका के डेटा के अनुसार उस लिहाज से लाइफ थ्रेटनिंग थ्राम्बोसिस वाले मरीजों की संख्या बहुत कम है। भारत में 90 फीसदी लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन ली है।

डा- नायक बताते हैं कि जब शुरुआत में ये वैक्सीन लगवाई जा रही थी तो भी ऐसे कई सवाल उठे थे और कहा गया था कि कोवैक्सीन सुरक्षित है और कोविशील्ड के नुकसान हो सकते हैं। ऐसा इसलिए भी कहा गया था कि यह एडिनोवायरस बेस्ड




वैक्सीन थी, जो बायोटेक्नोलॉजी का नया टर्म है। इसके अलावा अन्य कई विदेशी वैक्सीनों को लेकर भी सवाल उठे थे। डब्ल्यूएचओ ने भी उस समय बोला था कि कुछ मामले थ्रोम्बोसिस के आ रहे थे लेकिन लिटरेचर पढ़ेंगे तो देखेंगे कि इस तरह के साइड इफैक्ट्स शुरुआत में ही दिखाई देते हैं। ये वैक्सीन लगने के 4 से 6 हफ्तों के बीच ही सामने आते हैं। अब जबकि वैक्सीन लगे इतने साल हो गए हैं तो भारत में इसका खतरा नहीं है। बाकी अपवाद किसी भी दवा में हो सकता है। मेरे भी कोविशील्ड वैक्सीन लगी है। मैं स्वस्थ हूं। मेरी तरह यह वैक्सीन बहुतों को लगी है। वैक्सीन ने रोगों से लड़ने की क्षमता दी है। वैक्सीनेशन को नेगेटिव न लें। सबसे जरूरी बात है कि लोगों के मन में ये भय नहीं बैठना चाहिए कि वैक्सीन असुरक्षित है। ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। वैक्सीन ने कोविड से बचाया है, एक ऐसी महामारी से, जिसका अभी तक कोई इलाज नहीं मिल पाया है। इसलिए कुल मिलाकर देखें तो फायदा नुकसान से कहीं ज्यादा है। हमें यह देखना चाहिए कि किसी दवा का फायदा ज्यादा है और उसके साइड इफैक्ट्स कम हैं तो उसका कॉस्ट बेनिफिट एनालिसिस और ओवरऑल एनालिसिस क्या है। मुझे लगता है कि इस वैक्सीन के साथ भी यही है कि इससे फायदा ज्यादा हुआ होगा न कि नुकसान। यह इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए वैक्सीन थी, जिसने कोविड से लोगों को बचाने में मदद की। जब कोरोना महामारी का दौर था और कोई इलाज किसी के पास नहीं था, उस समय इससे बचाव के लिए वैक्सीन बहुत महत्वपूर्ण थी। अगर ये वैक्सीन उस समय नहीं दी जाती तो संभव है कि बहुत सारी जिंदगियों को नुकसान हो सकता था। यह सच है कि एस्ट्रेजेनिका ने माना है कि 1 लाख लोगों को वैक्सीन लगी है तो दो लोगों में साइड इफैक्ट दिखा है। यह नंबर बहुत बड़ा नहीं है। इन्हीं लोगों में फेटल, माइनर, रिवर्सिवल और कितनी रिकवरी हुई है, ये भी शामिल होगा। वहीं अभी इस वैक्सीन को लगे कुछ ही साल हुए हैं, अभी और स्टडीज और निगरानी की जरूरत है, ताकि इस वैक्सीन के बारे में बेहतर तरीके से जानकारी जुटाई जा सके। 144 करोड़ की आबादी वाले भारत में वैक्सीन लगाने की शुरुआत 16 जनवरी, 2021 से हुई। कोरोना से जंग में लोगों को पहला हथियार ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन कोवीशील्ड के रूप में मिली। भारत में इसे सीरम इंस्टीट्यूट ने बनाया। यही वो पहली वैक्सीन थी जिसे सरकार की ओर से मंजूरी मिली थी कोवीशील्ड के बाद जो वैक्सीन चर्चा में रही वो कोवैक्सीन थी। ये देश में ही बनी। भारत बायोटेक ने इस वैक्सीन को बनाया। कोवैक्सीन को इम्यून-पोटेंशिएटर्स के साथ शामिल किया गया है। इसे वैक्सीन सहायक के रूप में भी जाना जाता है। इसके दो खुराक 28 दिन के गैप में लगते हैं। वैक्सीन को जुलाई, 2020 में चरण प्रथम और द्वितीय ह्यूमन क्लीनिकल ट्रायल के लिए क्ब्ळप् की मंजूरी मिली थी। कोरोना के उस दौर को कौन भूल सकता है। ये वो समय था जब दुनिया में खौफ का माहौल था। हर किसी के चेहरे पर एक भय रहता था। एक-एक जान बचाने के लिए जद्दोजहद चल रही थी। श्मशान घाट के बाहर शवों की कतार लगी रहती थी। घंटों के इंतजार के बाद दाह संस्कार का नंबर आता। इस महामारी से लड़ने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क और सैनिटाइजर का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन शरीर को कोरोना पूफ बनाने के लिए लोगों के सामने वैक्सीन ही एकमात्र विकल्प था। भारत ही नहीं, दुनिया की तमाम सरकारों ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाने पर जोर दिया था। **(हिफी)**

आपके सुझाव हमें और उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देते हैं, तभी हमें आपके सुझावों का इंतजार रहता है। सुझाव के साथ आप समाचार पत्र में और क्या बदलाव चाहते हैं, साथ ही आपको हमसे किसी तरह की शिकायत भी हो, तो तत्काल पत्र द्वारा सूचित करें। आपके आसपास कोई समस्या हो और कोई सुनने-देखने वाला न हो, उसे भी तत्काल लिख भेजें। हम उसे प्रमुखता से यहां
कार्यालय 'बदायूँ अमर प्रभात'
निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं

वैचारिक क्रान्ति के लिए सत्यार्थ प्रकाश पढ़ें।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5358

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 5359



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह विश्व का सबसे ऊंचा पठार है जिसे विश्व की छत भी कहा जाता है (3)
4. पश्चिमी भारत में स्थित एक राज्य है जहां का प्रसिद्ध व्यंजन खमण है (4)
7. फूल जैसा बदन या कोमल अंगों वाला या वाली (5)
8. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
9. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है जिसे अंग्रेजी में रोज कहा जाता है (3)
12. अख्यात, अप्रसिद्ध, गुमनाम (3)
13. मैथिलीशरण गुप्त की एक प्रसिद्ध कृति, अयोध्या नगरी को यह भी कहते है (3)
15. किसी शरहर या कस्बे का प्रवेश स्थल (2)
17. खुदपरस्त, खुदगर्ज, स्वार्थी (4)
19. दरवेश, भिक्षुक, भिखमंगा (3)
21. लोहार का बड़ा हथौडा (2)
22. किसी फूल का अर्धविकसित रूप (2)
23. शिगाफ, दरज (3)
24. जलधि, उदधि, समुद्र (3)

**ऊपर से नीचे**

1. जुगाली, चर्वण, रोमंथ (3)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. एक वृक्ष के रस को पकाकर बनाया जाने वाला अत्यंत लचीला पदार्थ (3)
4. अस्पष्ट व धीर-धीरे बोलना या गाने की क्रिया यह कहलाती है (5)
5. पशुओं का दैनिक आहार, एक दिन की खुराक (3)
6. सात पातालों में से पहला, पेंदा (2)
10. खरी-खोटी, अपशब्द, बेहूदा बातें (4)
11. इशारा, इंगित, प्रतीक (3)
13. इस वेद से भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ होता है और गांधर्व वेद इसका उपवेद है (4)
14. तहखाना, जमीन के नीचे का बना कमरा (4)
16. बंसी या बांसुरी को यह भी कहा जाता है (3)
18. सपेरों का प्रसिद्ध वाद्य (2)
20. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)

### वर्ग पहेली 5358 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | न | | वा | ल्मी | कि | | सी |
| फ | ल | दा | न | | शो | ध | क |
| मि | क | दा | र | | र | न | र |
| नि | | | | शं | कु | | |
| स्ट | डी | | | का | मा | य | नी |
| र | न | वे | | क | र | दा | ता |
| | | त | | र्ता | | क | |
| सा | ध | न | | | मै | दा | न |

## टीम प्रबंधन द्वारा दिया गया मौका बर्बाद नहीं करना चाहता था :रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** नीतीश कुमार रेड्डी, जिन्होंने आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर एक रन से रोमांचक जीत हासिल करने में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए 42 गेंदों में नाबाद 76 रन की शानदार पारी खेली, ने कहा कि टीम प्रबंधन ने उन्हें अंतिम एकादश में शामिल होने का मौका दिया, एक ऐसा मौका जिसे वह कभी गंवाना नहीं चाहते थे। गुरुवार शाम को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, रेड्डी ने तीन चौके और आठ छक्के लगाकर सबको चकित कर दिया, जो कि उनकी सर्वोच्च टी20 पारी भी है, जिसमें उनके कुछ छक्के मैदान पर सीधे और कवर के ऊपर से लगे, जिससे घरेलू प्रशंसक रोमांचित हो गए। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं कहूंगा कि मैं एक वास्तविक ऑलराउंडर हूं जो गेंदबाजी कर सकता है, जो बल्लेबाजी कर सकता है, जो क्षेत्ररक्षण भी कर सकता है। इसलिए, मैं हरफनमौला प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा था। मैं वास्तव में पिछले कुछ समय से इस बल्लेबाजी अवसर का इंतजार कर रहा था। इस साल टीम प्रबंधन ने मुझे मौका दिया और मैं इसे गंवाना नहीं चाहता था। हैदराबाद के मध्यक्रम में अपनी भूमिका पर विचार करते हुए, रेड्डी ने कहा, पिछले दो मैचों से, यह ऐसा ही रहा है। मेरी भूमिका हेनरिक क्लासेन को धमाका करने का लाइसेंस देने के लिए 14वें या 13वें ओवर तक खेलने की थी।अगर क्लासेन और समद को शुरुआती ओवरों में बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो कोई फायदा नहीं, वे स्वतंत्र रूप से रन नहीं बना सकते। मैं सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहता था कि मुझे दबाव महसूस नहीं हो। मैं बस उसी तरह पारी खेलना चाहता था जैसी मैंने पंजाब के खिलाफ खेली थी और एक ओवर में आक्रमण करने और गति बदलने की योजना बना रहा था।

## आरआर पर एक रन से जीत के बाद कमिंस ने कहा, मैं सुपर ओवर के बारे में सोच रहा था

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने गुरुवार को आईपीएल 2024 में राजस्?थान रॉयल्?स (आरआर) को सांस रोक देने वाले मुकाबले में 1 रन से मात दी। मैच के बाद एसआरएच के कप्?तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम सुपर ओवर के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गई थी। एसआरएच को अंतिम ओवर में 12 रनों का बचाव करना था, राजस्थान को आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे। इसके अलावा, वो धीमी ओवर गति के दंड के कारण केवल चार फील्डर को 30-यार्ड सर्कल के बाहर रख सकते थे। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार एसआरएच की जीत के हीरो रहे जिन्होंने आखिरी ओवर में राजस्थान रॉयल्स को 13 रन बनाने से रोक दिया।

## हममें से किसी ने अपना विकेट जानबूझकर नहीं गंवाया: रियान पराग



**हैदराबाद, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से एक रन से हार का सामना करने के बाद, इन-फॉर्म बल्लेबाज रियान पराग ने इस बात से इनकार किया कि कुछ बल्लेबाजों ने, जिनमें वह भी शामिल हैं, निर्णायक मोड़ पर अपने विकेट जानबूझकर गंवाए। शुरुआती ओवर में जोस बटलर और संजू सैमसन को खोने के बाद, पराग और यशस्वी जायसवाल ने जवाबी हमले में तीसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े और एक प्रभावशाली जीत की ओर अग्रसर थे। लेकिन जायसवाल 40 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पराग 49 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए और वहां से आरआर को इस सीजन की दूसरी हार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। पराग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि हममें से किसी ने भी अपना विकेट फेंका है। जायसवाल ने उस स्कूप की कोशिश की क्योंकि नटराजन अच्छी धीमी बाउंसर फेंक रहे थे इसलिए उन्होंने अगली गेंद यॉर्कर समझकर यह शॉट खेला। मैंने भी सिक्स लगाने की कोशिश की और गेंद मिस हुई लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपने विकेट फेंके, अंत तक टिके रहना अच्छा होता। हम दोनों की भी योजना यह थी। पराग ने यह भी कहा कि भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस और नटराजन ने आखिरी पांच ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करके आरआर को जीत से वंचित कर दिया। पराग ने कहा, मैं काफी आश्वस्त था लेकिन आपको उन्हें इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। यह उनका घरेलू मैदान है, उन्होंने ऐसी गेंदबाजी की जैसे उन्हें पता हो कि विकेट कैसे रिएक्ट करेगी। आपको इसका श्रेय भुवनेश्वर कुमार, नटराजन और कमिंस को देना होगा। आईपीएल 2024 की दस पारियों में, पराग ने 159.14 की स्ट्राइक-रेट के साथ 58.43 के औसत से 409 रन बनाए और प्रतियोगिता में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कुछ लोगों ने उनका नाम पुरुष टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में दावेदार के रूप में भी लिया था, लेकिन पराग को लगता है कि उनका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है।

## क्रिकेटर डेवोन थॉमस पर लगा 5 साल का बैन

- फिक्सिंग के चलते आईसीसी ने सजा दी, वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वेस्टइंडीज के डेवोन थॉमस को 5 साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया है। उन पर श्रीलंका, यूएई और वेस्टइंडीज की क्रिकेट लीग में फिक्सिंग के आरोप लगे थे। जिसे उन्होंने कबूल कर लिया, जिस कारण आईसीसी ने उन्हें सजा दी।

**जुर्म कबूल करने के कारण 18 महीने कम हुई सजा-** आईसीसी ने बताया कि 34 साल के थॉमस पर श्रीलंका क्रिकेट एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीग ने करप्शन के 7 आरोप लगाए थे। थॉमस ने अपने ऊपर लगे आरोपों को कबूल किया, जिस कारण उनकी सजा को 18 महीने कम किया गया। उनकी सजा 23 मई 2023 को शुरू हुई, यहां से 22 मई 2028 तक वह इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे।

**वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं थॉमस-** विकेटकीपर डेवोन थॉमस वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं। उन्होंने एक टेस्ट, 21 वनडे और 12 टी-20 खेले हैं। उनके नाम 300 से ज्यादा रन हैं।

# भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया



- 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की बढ़त, शेफाली - स्मृति के बीच 91 रन की पार्टनरशिप
- भारत-बांग्लादेश के बीच 6 मई को सीरीज का चौथा टी-20 मैच सिलहट में ही खेला जाएगा।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विमेंस टीम ने शेफाली वर्मा तथा स्मृति मंधाना की 91 रन की साझेदारी की बदौलत सिलहट में तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारत ने 3-0 की बढ़त बना ली है और सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। शेफाली ने 51 और स्मृति ने 47 रन की पारी खेली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने 121 रन बनाकर मैच जीता।

### टॉस जीत कर भारत ने फील्डिंग चुनी

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए 6.3 ओवर में बांग्लादेश को 46 रन के स्कोर पर पहला झटका दिया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने 55 रन पर दूसरा और 85 के स्कोर पर तीसरा और चौथा विकेट लेकर बांग्लादेश के को बड़ा स्कोर करने से रोक दिया। बांग्लादेश की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 117 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने 27 गेंदों पर 39 रन और कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 रनों की पारी खेली। भारत के लिए राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयांका पाटिल ने एक-एक विकेट लिए।

**व्यापार**

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक के लिए 2023-24 कई मायनों में उल्लेखनीय साल: सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुब्रत बिस्वास ने वित्त वर्ष 2023-24 को 'उल्लेखनीय साल बताते हुए कहा है कि इस अवधि में उपयोगकर्ताओं की संख्या, राजस्व और लाभ जैसे प्रमुख मानकों पर दहाई अंक में वृद्धि हुई है। बिस्वास ने कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 का हिसाब-किताब अभी पूरा नहीं हो पाया है लेकिन उपलब्ध आंकड़ों से राजस्व, उपयोगकर्ता और लाभ जैसे मानकों पर ऊंचे दहाई अंक में वृद्धि होने की संभावना दिख रही है।

भारती एयरटेल की भुगतान इकाई एयरटेल पेमेंट्स बैंक के आज पूरे देश में लगभग 5,00,000 बैंकिंग सुविधा केंद्र मौजूद हैं। बिस्वास ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग की रफ्तार कायम रहने वाली है। उन्होंने कहा, ''शहरी उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या उनके भुगतान और लेनदेन की जरूरतों के लिए द्वितीयक डिजिटल बैंकिंग विकल्प चाहती है। इस कारोबार में हमने पिछले तीन-छह महीनों में नाटकीय उछाल देखा है और इससे राजस्व बढ़ा है। उन्होंने एयरटेल पेमेंट्स बैंक का ग्रामीण बाजारों में वर्चस्व होने का दावा करते हुए कहा, ''ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों को मिलाकर हम अब एक महीने में 10 लाख खाते खोल रहे हैं। यह रफ्तार संरचनात्मक है जिसका मतलब है कि हम अगले कुछ वर्षों को लेकर भी बेहद उत्साहित हैं।

## डाबर का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 16.5 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली स्वदेशी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.55 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने कहा कि लागत में कमी तथा वितरण नेटवर्क में विस्तार की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 292.76 करोड़ रुपये रहा था। डाबर इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आमदनी मार्च तिमाही में 5.11 प्रतिशत बढ़कर 2,814.64 करोड़ रुपए हो गई है, जो एक साल पहले समान अवधि में 2,677.80 करोड़ रुपए थी।

## ओईसीडी ने बढ़ाया भारत की एफवा24 जीडीपी ग्रोथ का अनुमान, कहा ग्लोबल मार्केट में बढ़ेगी हिस्सेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 40 आधार अंक बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। सार्वजनिक निवेश तेज बने रहने और कारोबारी विश्वास में सुधार की वजह से ओईसीडी ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में तेजी का अनुमान लगाया है।

उच्च आय वाली 38 अर्थव्यवस्थाओं के अंतर सरकारी समूह ने अपने ताजा आर्थिक परिदृश्य में कहा है, 'घरेलू मांग सकल पूंजी सृजन, खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश से संचालित होगी। वहीं निजी खपत में वृद्धि की रफ्तार सुस्त बनी हुई है। निर्यात में वृद्धि जारी रहेगी। खासकर सेवाओं और सूचना तकनीक व परामर्श क्षेत्र में तेजी रहेगी और भारत की वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी में वृद्धि जारी रहेगी और इसे विदेशी निवेश से समर्थन मिलेगा।'

हालांकि एजेंसी ने यह भी कहा है कि निजी खपत कमजोर रहा है, जो ताजा घरेलू उपभोग व्यय सर्वे के शुरुआती निष्कर्षों की पुष्टि करता है। इसमें कहा गया है, 'ईवे बिल, टोल संग्रह और नए वाहन व स्कूटर की बिक्री जैसे कुछ उच्च आवर्ती संकेतकों से गतिविधियों में तेजी के संकेत मिल रहे हैं। अन्य संकेतकों जैसे डिजिटल भुगतान संबंधी लेनदेन और सीमेंट का उत्पादन पूर्ववत बने हुए हैं।'

ओईसीडी ने कहा है कि राजस्व बढ़ाने में ऋण पर निर्भरता कम करने, व्यय दक्षता में सुधार और मजबूत राजकोषीय नियम जैसे क्षेत्रों में और ज्यादा काम किए जाने की जरूरत है। परिदृश्य में यह भी कहा गया है कि बहुत उच्च स्तर के सार्वजनिक ऋण को देखते हुए मौजूदा हिसाब से वित्तीय समेकन उचित है, जिससे निजी निवेश में रुकावट है।

परिदृश्य में कहा गया है, 'राजकोषीय समेकन जरूरी है, जिसका असर सार्वजनिक निवेश पर पड़ेगा। इसका निजी निवेश की मजबूती पर सिर्फ आंशिक असर पड़ेगा क्योंकि कारोबारी विश्वास सुधरा है। परिवारों के व्यय (खासकर ग्राहकों की विवेकाधीन मांग) में तेजी आने की उम्मीद नहीं है क्योंकि नौकरियों का सृजन निराशाजनक है और ग्रामीण इलाकों में प्रदर्शन सुस्त है और अभी भी वित्तीय स्थिति कमजोर है।'

## ऐपल ने बनाया कमाई का रेकॉर्ड, एक दिन में मुकेश अंबानी की नेटवर्थ से ज्यादा बढ़ गया मार्केट कैप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज कंपनी ऐपल ने अपना पहली तिमाही का रिजल्ट जारी कर दिया है। मार्च तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू पिछले साल के मुकाबले चार फीसदी गिरावट के साथ 90.8 अरब डॉलर रहा। कंपनी को खासकर चीन में कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान आईफोन की बिक्री में 10 फीसदी गिरावट आई है। रिजल्ट जारी करने के साथ ही कंपनी ने 110 अरब डॉलर के शेयर बायबैक प्रोग्राम की घोषणा की है। ऐपल के इतिहास में यह सबसे बड़ा शेयर बायबैक है। इस घोषणा के साथ ही कंपनी के शेयरों में करीब सात फीसदी तेजी देखने को मिली और उसका मार्केट कैप 180 अरब डॉलर बढ़ गया। यह भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ से कहीं ज्यादा है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ 113 अरब डॉलर है।

शेयरों में तेजी के साथ ही ऐपल का मार्केट कैप 2.671 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। माइक्रोसॉफ्ट (2.956 ट्रिलियन डॉलर) के बाद ऐपल दुनिया की दूसरे सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। मार्च तिमाही में आईफोन की बिक्री 45.96 अरब डॉलर रही जो अनुमानों से कम है। इस दौरान कंपनी की नेट इनकम भी एक साल पहले की तुलना में गिरकर 23.6 अरब डॉलर रही। कंपनी का कहना है कि मार्च तिमाही में बिक्री चार फीसदी बढ़कर 7.5 अरब डॉलर रही जबकि सर्विसेज का रेवेन्यू 23.9 अरब डॉलर रहा। ऐपल का आइपेड रेवेन्यू एक साल पहले की तुलना में 17 फीसदी गिरकर 5.6 अरब डॉलर रहा।

### चीन में समस्या, भारत से गुडन्यूज

चीन में बढ़ते राष्ट्रवाद, इकॉनमी की चुनौतियों और बढ़ती प्रतिस्पर्धा से कंपनी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चीन की कंपनियां हेवई और शायोमी तेजी से ऐपल के बाजार पर कब्जा कर रही हैं। मार्केट रिसर्च फर्म आइडीसी के मुताबिक पहली तिमाही में ऐपल के शिपमेंट में 10 फीसदी गिरावट आई है। हालांकि कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कहा कि कंपनी ने एक दर्जन से अधिक इलाकों में रेवेन्यू का रेकॉर्ड बनाया है। इनमें भारत भी शामिल है। भारत में ऐपल का मार्केट तेजी से बढ़ रहा है।

# अडानी ग्रुप की छह कंपनियों को सेबी ने भेजा कारण बताओ नोटिस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की छह कंपनियों को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इन कंपनियों पर संबंधित पक्ष लेनदेन के कथित उल्लंघन, लिस्टिंग नियमों का पालन न करने और ऑडिटर सर्टिफिकेट्स की वैधता के संबंध में आरोप हैं। इन कंपनियों ने स्टॉक एक्सचेंजे को दी गई रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की अगुवाई वाले इस ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने गुरुवार को कहा कि उसे 31 मार्च को समाप्त तिमाही में दो कारण बताओ नोटिस मिले हैं। साथ ही ग्रुप की अन्य कंपनियों अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडानी पावर, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडानी विल्मर और अडानी टोटल गैस को भी कारण बताओ नोटिस मिले हैं। इन कंपनियों का कहना है कि उन्हें जो कानूनी राय मिली है, उसके मुताबिक सेबी के नोटिस का उन पर कोई असर होने की संभावना नहीं है। हालांकि, अडानी विल्मर और अडानी टोटल गैस को छोड़कर बाकी सभी कंपनियों के ऑडिटर्स ने एक क्वालीफाइड ओपिनियन जारी किया है। इसके मुताबिक सेबी की जांच के नतीजे भविष्य में इन कंपनियों के फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स को प्रभावित कर सकते हैं। ये नोटिस अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी ग्रुप पर लगाए गए आरोपों पर सेबी की जांच के बाद जारी किए गए। कारण बताओ नोटिस कोई अभियोग नहीं है। सेबी ने इन कंपनियों से पूछा है कि क्यों उनके खिलाफ मॉनिटरी और कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

### क्या है आरोप

अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने बताया कि आरोप है कि कंपनी ने अपेक्षित मंजूरी नहीं ली है और वित्तीय विवरणों/वार्षिक रिपोर्ट में अपेक्षित खुलासा नहीं किया है। समाप्त किए गए अनुबंधों के लिए सुरक्षा जमा को वापस नहीं लेने के कारण कंपनी के मुख्य व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए धन का उपयोग नहीं किया गया और इस प्रकार कंपनी की आचार संहिता का अनुपालन नहीं किया गया। अडानी पावर ने कहा कि उसने सेबी के नोटिस का जवाब दे दिया है। सेबी ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि कुछ लेन-देन को संबंधित वर्षों के वित्तीय विवरणों में रिपोर्ट नहीं किया गया था और ऐसे लेन-देन के लिए अपेक्षित मंजूरी नहीं ली गई थी। सेबी ने अगस्त में सुप्रीम कोर्ट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उसने 13 रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन की पहचान की है, जिसकी जांच की जा रही है। जनवरी 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट में 6,000 से अधिक संबंधित पक्ष लेनदेन पर सवाल उठाए थे। इसके बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। हालांकि ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया था। हाल के दिनों में ग्रुप के शेयरों में तेजी आई है और उसने हिंडनबर्ग ग्रुप की रिपोर्ट के कारण हुए अधिकांश नुकसान की भरपाई कर ली है।

# अडिंग में नहर की पट्टी पर मिला युवती का अधजला शव

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज

अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा अडिंग चौकी की नहर की पटरी पर युवती का अधजला शव मिला है। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर थाना गोवर्धन और कस्बा अडिंग चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीणों ने अडिंग की नहर पट्टी पर अज्ञात युवती का अधजला शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। अर्ध जली हालत में युवती का शव मिलने से कस्बा अडिंग में चर्चा है। युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और छानबीन के बाद युवती की मृत्यु के कारणों का पता चलने के बाद संबंधित दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।

थाना गोवर्धन क्षेत्र में अडींग नहर की पटरी पर अज्ञात युवती का शव पर इंजरी हैं। पहचान नहीं हुई है। मृत्यु के कारण जानने और पहचान के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे दोषियों के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।
**-शैलेन्द्र पांडेय, एसएसपी मथुरा**

# पिता की डांट से नाराज होकर बच्चे ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** बच्चा घर में शैतानी कर रहा था। उन्हें पिता ने डांट दिया। जिस पर पत्नी नाराज हुई तो उसने पत्नी के भी थप्पड़ मार दिया। जिससे गुस्से में उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल लाते समय उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थान पीलीभीत के शेखुपूर बरखेड़ा निवासी निवासी 25 वर्षीय सुमन के पति यशपाल के रिश्तेदार ने बताया गुरूवार को उसके घर में बच्चे शैतानी कर रहे थे। इस दौरान उसने बच्चों केथप्पड़ मार दी। जिससे उसकी पत्नी नाराज होकर उससे झगड़ा करने लगी। इस दौरान उसने पत्नी को भी थप्पड़ मार दिया। पत्नी ने गुस्से में आकर घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने् पर उसे पीलीभीत के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। सुधार न होने पर उसे बरेली के लिए रैफर कर दिया। जहां रास्ते में लाते समय ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महिला को ससुराल वाले थाने में शव को छोड़कर भागे

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिवार वाले उसके शव को थाने में छोडक़र चले गए। जब महिला के मायके वालों को इसका पता चला तो वह लोग थाने पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले आए। इस मामले में महिला के परिवार का आरोप है कि उसकी गला दवा कर हत्या की गई थी। जबकी ससुराल वाले उसकी बीमारी से मौत बता रहे हैं।

थाना फरीदपुर के अहीर गौटिया निवासी मुन्ना लाल की 35 वर्षीय बेटी सुनीता का विवाह थाना अलीगंज क्षेत्र के राजपुर गौटिया निवासी दुर्विजय के साथ दस साल पहले हुआ था। सुनीता के परिवार वालों ने बताया उसका पति आए दिन शराब पीकर उसके साथ मार पीट करता था। गुरूवार को उसकी गला घोटकर हत्या करने के बाद उसका पति दुर्विजय शव को अलीगंज थाने में छोडक़र चले गए। वहां पहुंचे परिवार के लोगों के आने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस पर भेज दिया। मृतक अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गई है।

मृतका केभाई पप्पू ने थाना अलीगंज में सुनीता के पति दुर्विजयए उसके भाई इद्रपालए इद्रपाल की पत्नी प्रीति और सास भूरी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि सभी ने उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। और बीमारी से उसकी मौत बता रहे हैं।

सुनीता की छोटी बहन की शादी में उसके भाई पप्पू ने वैगनआर कार दी थी। सुनीता का पति इस बात को लेकर आए दिन उसे मारता पीटता था। और दबाव बनाता था कि वह अपने मायके से वैगनआर कार ले कर आए। उसकी छोटी बहन को जब वैगनआर कार दी तो उसे भी कार चाहिए।

### कई बार कराया समझौता

सुनीता के परिवार वालों ने बताया कि उसकी बहन को आए दिन दुर्विजय मारता पीटता था। कई बार इस बात को लेकर लोगों ने समझौता भी कराया। लेकिन उसने अपनी पत्नी को मारना बंद नहीं किया। शराब पीकर आने केबाद वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता था।

# साढ़े छह लाख की ठगी में पुलिस को परिजन पर ही शक

अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** बलदेव क्षेत्र में एक डेयरी संचालक के साथ ठगी हुई है। करीब साढे छह लाख रुपये डेयरी संचालक के खाते से निकाल लिये गये। पीडित ने इस संबंध में थाना बलदेव में तहरीर दी है। बलदेव थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी ने बताया कि इस मामले में तहरीर आई है। प्रथम दृष्टया इस मामले में परिजन की संलिप्तता नजर आई है। पीडित द्वारा बताया गया है कि वह उनके एटीएम को लगातार उपयोग कर रहा था। संचालक को पता ही नहीं चला कि उसके साथ ठगी हुई है। जब बेटे ने बैंक अकाउंट का स्टेटस चेक किया तो पता चला कि खाते से साढ़े छह लाख रुपये निकल गये हैं। गांव नौहा पक्की गढी कंजौली घाट निवासी नेत्रपाल सिंह पुत्र रमोला का भारतीय स्टेट बैंक में खाता है। कुछ दिन पहले वह बैंक से अपने अकाउंट का स्टेटस निकालने गये थे। घर पर उनके बेटे ने स्टेटमेंट को चेक किया तो पता चला कि वर्ष 2022 में उनके एक खाते से दूसरे खाते में पैसे भेजे गये हैं। इसकी शाखा प्रबंधक से शिकायत की गई। शिकायत पर उनके लेनदेन का विस्तृत रिकार्ड निकाला गया। पता चला कि विभिन्न खातों में साढ़े छह लाख रुपये ट्रांसफर हुए हैं। इस मामले की उन्होंने बलदेव थाने में तहरीर दी है। नेत्रपाल ने वर्ष 2022 में 23 लाख में खेत बेचा था। सभी पैसे बैंक खाते में जमा करा दिये थे। वह गांव में एक डेयरी चलाते हैं। खाते से लेनदेन होता रहता है।

# रेडक्रॉस सेवा सप्ताह में चिकित्सा शिविर में 150 मरीजों का उपचार

अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मथुरा शाखा द्वारा रेड क्रॉस सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को महाविद्या कॉलोनी स्थित एसएन डेंटल केयर एंड पॉलीक्लीनिक में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉण् आदेश शर्मा, डॉ. शैफाली अग्रवाल, डॉ. चिन्मय खंडेलवाल एवं डॉ. केएम. मित्तल द्वारा 150 मरीजों का चिकित्सा परामर्श एवं जांच किया गया जिसमें हड्डी रोग, नवजात शिशु एवं बाल रोग, दंत रोग, फिजियोथेरेपी से संबंधित रोगों का जांच एवं उपचार किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति महेश खंडेलवाल एवं उपसभापति वृषभान गोस्वामी ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस है। इस पूरे सप्ताह में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जनपद के




कन्या विद्यालयों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला तथा सेनेटरी नैपकिन वितरण किया जाएगा। जिले के सभी रक्त बैंकों में रेड क्रॉस जागरूकता के अंतर्गत रक्तदान किया जाएगा। सभी मेडिकल कॉलेज में रक्तदान जागरूकता एवं रेड क्रॉस दिवस सेवाकार्य पर संगोष्ठी एवं रक्तदान शिविर के अलावा वृंदावन में बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों की भीड़ में संचारी रोगों से बचाव हेतु जन जागरण अभियान के अंतर्गत निः शुल्क मास्क वितरण किया जाएगा वही विद्यालयों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ आठ मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। चिकित्सा शिविर में राजीव खंडेलवाल शिवशंकर गुप्ता डॉ. एसएस गौतम डॉ. नीतू गोस्वामी नीरज खंडेलवाल कृष्णमुरारी खंडेलवाल सुरेन्द्र सक्सेना रवि खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** आंवला-बरेली लोकसभा के लिए तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। दोनों की लोकसभा में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने अधीनस्थ अफसरों के साथ बैठक कर संवेदनशील पोलिंग बूथ पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की हकीकत जानी और खुराफातियों पर नजर रखने के लिए ब्लाकस्तर पर ग्राम प्रधानों के माध्यम से डीपीआरओ को भी निर्देश दिए गए है। यदि गांव में कोई नया व्यक्ति आये तो उसकी पूरी तहककात करने के निर्देश दिए है। जिले में 3492 पोलिंग बूथ बनाए गए है। उनमें से डेढ सौ से ज्यादा बूथ संवेदनशील घोषित किए गए हैऔर तीस अतिसंवेदनशील है। ऐसे पोलिंग बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। खुराफातियों की हर गतिविधि कैमरे में कैद होगी। एडीएम प्रशासन दिनेश ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि पुलिस के साथ पैदल मार्च निकालकर जनता के बीच सुरक्षा कायम रखने और निडर होकर मतदान करने की भी सीख दिए जाने के निर्देश दिए है।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जब इसका पता उसके परिवार को चला तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना फरीदपुर के काशीरम कालोनी निवासी 70 वर्षीय अहमद पुत्र नाईमुल्ली बीती रात करीब नौ बजे घर से दूध की थैली लेने की बात कहकर निकले थे। इस दौरान फरीदपुर कालोनी के पास रेलवे फाटक पर ट्रेन आ गई। वह ट्रेन केगुजरने का इंतजार करने लगे। ट्रेन निकलने के दौरान वह उसकी चपेट में आ गए और उनकी मौके पर मौत हो गई। जब इसका पता परिवार को चला तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पांच बच्चे छोड़ गया है।

# छटीकरा मार्ग स्थित बैंक ऑफ बडौदा शाखा का हुआ उद्घाटन

अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** वृंदावन छटीकरा मार्ग स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा के नए शाखा भवन का उद्घाटन गुरुवार को वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच उप महाप्रबंधक व्यवसायिक विकास अंचल कार्यालय बरेली अभय कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों और व्यापारियों को संबोधित करते हुए अभय कुमार अग्रवाल में कहा कि नहीं शाखा भवन में बैंक होने से लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएगी उन्होंने कहा कि पुरानी शाखा भवन में ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए काफी दिक्कतें आती थी लेकिन मैं शाखा भवन बनने से पहले जैसी समस्याएं नहीं होगी साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापारियों और किसानों से बैंक से जुड़ी योजनाओं और उसके गुणवत्ता व कार्य प्रणाली




और बैंक से जुड़ी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान का भरोसा दिलाया।

वही आरएम महेश छाबड़ा ने कहा कि बैंक में आने वाले ग्राहकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए बैंक के द्वारा बेहतर कदम उठाए जाएंगे इसके साथ ही शाखा प्रबंधक मनु कौन्तेय ने बैंक से जुड़ने वाले लोगों को डिजिटल बैंकिंग के बारे में भी काफी विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर गगन जांगिड़, अनुज कुमार, संजय अग्रवाल, राम नेमा, विष्णु कुमार, मुकुल गोयल वीरी सिंह आदि बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसान के बाजार में गिरे पैसे थाने में मिले

अमर प्रभात ब्यूरो

**मथुरा।** गेहूं बेच कर घर जा रहे किसान के 50 हजार रुपये शेरगढ़ कस्बे में गिर गये। किसान को जब पता चला कि उसके पैसे उसकी जेब में नहीं हैं तो वह परेशान हो गया। खेज बीच करने पर भी उसे पैसों का पता नहीं चला। हार थक कर वह थाने पहुंचा और एक प्रार्थना पत्र देकर अपने पैसे खोने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने किसान से कुछ पूछताछ की और किसान को पैसे दे दिये। पैसे मिलते ही किसान खुशी से उछल गया। जब उसे पैसे मिलने की सच्चाई का पता चला तो वह पुलिसकर्मियों का आभार जता कर वापस घर लौट गया। गुरुवार को शेरगढ़ पुलिस थाने की ईगल मोबाइल पर तैनात कांस्टेबल संदीप कुमार व उपेंद्र सिंह को कस्बा भ्रमण के दौरान रास्ते में 50 हजार रुपये पडे मिले। जिन्हें उन्होंने थाने पर लाकर जमा करा दिया। कुछ समय बाद ही चतुर सिंह पुत्र श्रीमान सिंह निवासी ग्राम स्यारहा थाना शेरगढ़ थाने पहुंचा और एक प्रार्थना पत्र दिया और बताया कि गेहूं की फसल बेचकर घर जा रहा था तो कस्बा शेरगढ़ में मेरे 50 हजार रुपये जेब से निकलकर गिर गये हैं। थाना शेरगढ़ पुलिस चतुर सिंह को पैसे वापस कर दिये।

# हजयात्रियों के लगे टीके, अंतिम टीकाकरण कैम्प में पहुँचे 18 आजमीन, मेडिकल सर्टिफिकेट जारी

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** 300 बेड हॉस्पिटल में दो दिवसीय हजयात्रियों की सहूलियत के लिये शिविर लगाया गया था, बरेली जिले में 5 शिविरों का आयोजन हुआ था जो हज यात्री टीकाकरण से रह गये थे उनका आज टीकाकरण हुआ, यदि अब भी कोई रह गया होगा तो लखनऊ हज हाऊस में टीकाकरण होगा।

बरेली हज सेवा समिति के पम्मी खान वारसी ने बताया कि जिले के सभी ट्रेनिंग कैम्प मुकम्मल हो चुके हैंए हज कमेटी ऑफ़ इंडिया ने हज यात्रा की फ्लाइट के लिये शेडयूल जारी कर दिया है, 9 मई से हज की फ्लाइट शुरू हो रही है जो 24 मई तक सिलसिला जारी रहेगा। जिला अस्पताल के डॉ मीसम अब्बास ने बताया कि आज 300 बेड में शिविर लगाया गयाएइसमें डॉ सैहबान अली,डॉ फ़िरोज़, सत्य प्रकाश, शीबा खान, रोशनी, मोनिका, पिंकी, सोनु, अंतेश, शाहिद रज़ा नूरी आदि टीम रही।आजमीन, हज की सेवा में बरेली हज सेवा समिति के पम्मी खान वारसी, महानगर अध्यक्ष हाजी उवैस खान, हज ट्रेनर हाजी फैज़ान ख़ाँ क़ादरी वसीम खान, नजमुल एस आई खान, हाजी साकिब रज़ा ख़ाँ, हाजी यासीन कुरैशीएअहमद उल्लाह वारसी आदि सहित आजमीन शामिल रहें। डेढ़ साल की मासूम सीदरा भी इस साल अपने अम्मी अब्बू और दादा के साथ यात्रा पर जा रही है, मीरगंज के रहने वाले आजमीन मो साजिद और ज़ीनत बेगम ने बताया कि बच्ची के नसीम से हम सब हज का फर्ज अदा करने के लिये जा रहे है, सीदरा के दादा पट्टू ख़लीलुद्दीन भी हमारे साथ हज पर जा रहे है।सीदरा के परिवार वालो ने खलील हॉयर सैकेडी में पिछले दिनों लगे शिविर में बरेली हज सेवा समिति के पम्मी ख़ाँ वारसी मुलाक़ात की थी।

### होमगार्ड ने अपने मंडल कमांडेंट के खिलाफ खोला मोर्चा लगाया पिटाई का आरोप

**बरेली।** होमगार्ड कार्यालय में तैनात एक होमगार्ड ने अपने मंडल कमांडेंट पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कमिश्नर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है इसके साथ ही मुख्यमंत्री और मानवाधिकार आयोग को भी शिकायत भेजी है। बिथरी चैनपुर निवासी राजेन्द्र प्रसाद होमगार्ड कार्यालय में कार्यरत है। आरोप है कि तीन दो मई को जब राजेन्द्र अपनी डयूटी पर पहुंचा तो आगंतुक रजिस्ट्रर में एक व्यक्ति मूलचंद वर्मा कंपनी नम्बर 27सुबह साड़े दस बजे करीब मिलने का समय दर्ज था। मंडल कमांडेट के पास पहुंच गया आरोप है कि मंडल कमांडेट में बुलाया और गंदी गंदी गालियां देते हुए राजेन्द्र के पेट में डंडा घोप दिया और मारपीट की। कार्रवाई की मांग को लेकर मंडलायुक्त से शिकायत की है।

# रेल कर्मचारी के खाते से निकाले रुपए एसएसपी की शिकायत

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** रेलवे में खल्लासी के पद पर तैनात युवक के खाते से लोन कराने के बाद उसकेसारे रुपये निकाल लिए। इस मामले में आज उसकी पत्नी ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। थाना सुभाषनगर के राजीव कालोनी निवासी पिंकी कश्यप पत्नी रवि कश्यप ने बताया उसके पति रेलवे विभाग में खल्लासी के पद पर तैनात हैं। उसने पति पर नौ लाख पचास हजार रुपये का एसबीआई का लोन है। जिसको देने के लिए उसके पति ने नार्दन रेलवे मल्टी स्टेट प्राइमरी को.आपरेटिव बैंक लिमिटेड के मयंक भटनागर;कार्यरत डीआरएम आफिस मुरादाबाद द्ध व सोने सिंह से संपर्क किया था। इन लोगों ने उसका लोन करा कर लोन का नौ लाख तीस हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। इस मामले में पिंकी ने 12 अप्रैल को एसएसपी से शिकायत की थी। उसके बाद जांच सीओ सेकेंड के पास पहुंच गई। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके बाद दोबारा उसके पति के खाते में अए डिम्र लाईट इंटरनेशनल आईडी से आए लगभग पांच लाख पचास हजार रुपये निकाल लिए। जिसमें डीआरएम कार्यालय में तैनात सोनू भी शामिल था। इस मामले में पिंकी ने एसएसपी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

# प्रधानमंत्री का करीबी बताकर युवक से लाखों की ठगी, पीड़ित ने कराया मुकदमा दर्ज

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** ट्रैक्टर बेचने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। जब युवक ने आरोपी से अपने रुपए वापस मांगे तो उसने अपने आप को प्रधानमंत्री का करीबी बताया और उसे जान से मारने की धमकी दी है।

इस मामले में पीड़ित की तरफसे आरोपी युवक के खिलाफ थाना कैंट में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना कैंट के क्यारा निवासी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि उसकी ट्रैक्टर खरीदने के नाम पर एक व्यक्ति से बात हुई थी। जिस पर उस व्यक्ति ने बताया कि वह सीआईएस एप में सहायक उप निरीक्षक के पर कार्यरत है तथा उनका एक ट्रैक्टर स्वराज .744 विक्री के लिए उपलब्ध है। जिसका सौदा एक लाख रूपए में तय हुई।

ट्रैक्टर मालिक शिवचरण ने बताया कि जब तुम्हे ट्रैक्टर मिले, उस समय धाराशि अदा कर देना। शिवचरण ने आगे की बात करने के लिए अपने उच्च अधिकारी से बात करने के लिए कहा तथा उनका फोन नम्बर दिया। जिस पर उसने उस नम्बर से बात की तो उसने अपना नाम संजय शर्मा बताया। उसने सुमित कुमार सिंह से कहा कि उसे उसके खाते में 16000 हजार रुपए डालने होंगे। उसके बाद ट्रैक्टर की डिलीवरी होगी। सुमित ने संजय शर्मा के खाते में 16000 हजार रूपए डाल दिए। उसके बाद फिर से संजय शर्मा के खाते में 16000 हजार रूपए डाल दिए। इस तरह से पीड़ित ने 48 हजार रुपए खाते में ट्रांसफर कर दिए। संजय ने अब सुमित से बात करना बंद कर दिए। संजय शर्मा से उसकी एक बार फिर बात हुई तो उसने ने उसके खाते में दो बार में 9200 डाल दिए। बकाया रुपए मांगने पर संजय शर्मा ने उसे धमकी दी कि वह प्रधानमंत्री का करीबी है उसने उसके पास प्रधानमंत्री के साथ खींची फोटो भी भेजें। अब संजय शर्मा उसे धमकी दे रहा है। इस मामले में आज पीड़ित ने थाना कैंट में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# अब भोजीपुरा को बनया जाएगा बड़ा जंक्शन

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली ।** मुख्य बरेली जंक्शन की तरह ही आने वाले दिनों में भोजीपुरा से भी सभी दिशाओं के लिए लंबी दूरी की ट्रेनें मिलेंगी। भोजीपुरा जंक्शन को पूर्वोत्तर रेलवे बड़े जंक्शन के रूप में विकसित करेगा। रिमॉडलिंग की कार्ययोजना तय होने के बाद जल्द ही काम शुरू होने का दावा किया जा रहा है। भोजीपुरा से बरेली सिटी तक रेल लाइन के दोहरीकरण को स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। बरेली जंक्शन उत्तर और भोजीपुरा पूर्वोत्तर रेलवे का जंक्शन है। अब तक यहां ट्रेनों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे लालकुआं, काठगोदाम, रामनगर, हरिद्वार से पूर्वांचल, बिहार राजस्थान, मुंबई तक विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू कर चुका है।

इन शहरों के लिए है रेल लाइन भोजीपुरा होते हुए काशीपुर, लालकुआं, काठगोदाम के अलावा पीलीभीत, टनकपुर के लिए रेल लाइनें जाती हैं। भोजीपुरा से बरेली सिटी होते हुए जंक्शन और जंक्शन से वाया रामगंगा-चंदौसी-दिल्ली के अलावा आगरा, अलीगढ़, देहरादून तक ट्रेनों का संचालन हाल के दिनों में शुरू हुआ है। भोजीपुरा जंक्शन पर इन ट्रेनों को ठहराव दिया जा रहा है। भोजीपुरा और बरेली सिटी के बीच यांत्रिक रेलवे कारखाना भी है। ऐसे में भोजीपुरा में प्लेटफार्मों की संख्या बढ़ाने के साथ स्टेशन रिमॉडलिंग के लिए रेलवे ने कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है।

# चेतावनी दिवस के रूप में मनाया मजदूर दिवस

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों ने पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर विश्व मजदूर दिवस को चेतावनी दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ श्रमिक नेता कामरेड शिवदत्त चतुर्वेदी की अध्यक्षता में रिफाइनरी मुख्य द्वार पर सभा हुई। शिकागो के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ यूनियन के अध्यक्ष कामरेड मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट ने आधुनिक सभ्य और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में मजदूर वर्ग की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने मथुरा रिफाइनरी में ठेकेदारों द्वारा संविदा श्रमिकों के वेतन चोरी और उत्पीड़न के संपूर्ण उन्मूलन का संकल्प लिया तथा चेतावनी दी कि यदि संविदा श्रमिकों की सेवा शर्तों और पारिश्रमिक के पुनरीक्षण का लिखित अनुबंध न हुआ तो मजदूर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

दुनिया के मजदूरों एक हो और इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ रिफाइनरी मजदूरों ने विश्व मजदूर आंदोलन के साथ एकजुटता दर्शित की। सभा का समापन यूनियन के सचिव कामरेड जनक ने अपने संबोधन से किया। मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एके तिवारी की ओर से यूनियन नेतृत्व को मजदूर दिवस की शुभकामनाओं का संदेश प्राप्त हुआ ।

### मोबाइल की दुकान में चोरी के आरोप में पकडा

**मथुरा।** थाना जैत पुलिस ने एक शातिर को चोरी के चार मोबाइल एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी के चार मोबाइल, स्मार्ट वॉच चार, टेम्पर्ड ग्लास 25, लीड इयरफोन 10 के साथ पकडा। पुलिस के मुताबिक अपने मित्र सनी पुत्र स्व. दीना निवासी राल थाना जैत मथुरा व टिंकू उर्फकल्याण पुत्र लेखराज निवासी राल थाना जैत मथुरा के साथ मिलकर 27 अप्रैल की रात्रि में केनरा बैंक के पास बनी रामगोपाल की मार्केट से मोबाइल की दुकान से चोरी की थी। जिसे आज वह ठिकाने लगाने जा रहा था कि पकडा गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने किया जनसंपर्क

## सपा नगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीक ने कांग्रेस प्रत्याशी को किया समर्थन का ऐलान

अमर प्रभात ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी, पार्षद, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने अपने जनसम्पर्क की शुरुआत प्रातः अरविंदो पार्क और एकता पार्क से की, इसके बाद इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी ने आज सेक्टर 11 और सेक्टर 9 में गहन जनसम्पर्क किया। जहां जनता का रुझान इस बार मुकेश सिंह चौहान के पक्ष में दिखा। युवा और महिलाओं में मुकेश सिंह चौहान का गजब का क्रेज दिखा जिन्होंने एक स्वर में मुकेश के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जिताने की बात और बदलाव की बात कही पूर्वी विधानसभा चुनाव के



मीडिया प्रभारी डॉ आशीष दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि आज नामांकन के आखिरी दिन इंडिया गठबंधन उम्मीदवार मुकेश सिंह चौहान ने दो सेटों में पर्चा फिर दाखिल किया जिसमें लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड के समाजवादी पार्टी के पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि जी और इंदिरा नगर वार्ड के सपा पार्षद प्रत्याशी रहे सत्य प्रकाश मिश्रा जी प्रस्तावक हैं।

इसके साथ ही आज कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष शहजाद आलम सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ ने नेताओं ने समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी से मध्य मुलाकात की सपा महानगर अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से पूर्वी विधानसभा के उपचुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आश्वासन दिया। कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष अतुल अंजान जी के दुखद निधन पर भी गठबंधन प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने शोक व्यक्त किया।

### कुर्मी क्षत्रिय सभा नें भाजपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

**बरेली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में होनें वाले मतदान से पहले उथल-पुथल शुरू हों गईं हैं। कुर्मी क्षत्रिय सभा की ओर से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के समर्थन करने का एलान किया है। इस बीच कुर्मी क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष केपी सेन गंगवार ने कहा कि यह चुनाव देश का है। सबसे पहले हमें सुरक्षित देश चाहिए।

आतंकवाद को खत्म करने का काम पीएम नरेंद्र मोदी ने किया है। ऐसे में उनको तीसरी बार पीएम देखना चाहते हैं। वही भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार को लेकर उन्होंने कहा कि छत्रपाल सिंह गंगवार लगातार लोगों के बीच जाकर उनकी जन समस्याएं सुन रहे हैं। उनका आमजन के प्रति व्यवहार भी काफी अच्छा है। ऐसे में उनका साथ देना फर्ज बनता है। उन्होंने कहा ऐसे में कुर्मी क्षत्रिय सभा को पूर्ण विश्वास है कि वो जनता द्वारा चुने जाने के बाद समाज के हितों का पूर्ण रूप से ध्यान रखेंगे।

# युवती समेत तीन ने जहर खाया

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत एक युवती समेत तीन लोगों ने जहर खाकर खुदकुशी का प्रयास किया है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रारपट्टी निवासी खुशुबू ( 18 ) पुत्री आजाद खान ने गृह क्लेश के चलते 5 मई 2024 की रात घर पर ही जहर का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत खराब हो गई। भाई सजाद ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया है। वहीं दूसरी ओर मामूली कहासुनी होने पर पांचम ( 17 ) पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी पमांस कोतवाली देहात ने घर पर ही विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत खराब हुई तो परिजनों ने 2 मई की रात 10 बजे मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया। इसके अलावा 3 मई 2024 को हिमांशू ( 36 ) पुत्र सुधीर कुमार निवासी नेहरू नगर कोतवाली नगर द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर खुदकुशी का प्रयास किया। उसको उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया है।

# सड़क हादसों में कई लोग घायल

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** जिले के अलग-अलग इलाकों में हुए सड़क हादसों में आठ लोग घायल हुए हैं। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया है। सड़क हादसों में घायल हुए लोगों में कासगंज के अमांपुर थानान्तर्गत ग्राम दीनपुर निवासी यशपाल सिंह ( 45 ) पुत्र कृपाल सिंह, रिजोर थाना क्षेत्र के ग्राम करुआमई निवासी तेजवीर सिंह ( 38 ) पुत्र फूल सिंह, बीना ( 36 ) पत्नी तेजवीर सिंह, रघुवीर सिंह ( 52 ) निवासी सूरजपुर कोतवाली देहात, मिरहची के गांव नगला जौहर निवासी आपेश ( 42 ) पुत्र राम सिंह, यहां के निवासी श्याम सिंह ( 25 ), अलीगढ़ के गांव गंगीरी क्षेत्र के शेरपुर निवासी सपना ( 26 ) पत्नी देवजीत सिंह, हाथरस के सिकंदराराऊ निवासी रवि कुमार ( 30 ) पुत्र राजपाल सिंह शामिल है।

# मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम दरिगपुर निवासी सुबोध पुत्र अजब सिंह का आरोप है कि गांव के निवासी आशीष पुत्र रवीश कुमार समेत दो लोगों ने पीड़ित की पत्नी के साि मारपीट की जान से मारने की धमकी दी है। जलेसर के गांव फजलपुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र बादशाह का आरोप है कि गांव के निवासी ओमप्रकाश पुत्र रघुनी बघेल समेत तीन लोगों ने पीड़ित व उसकी पुत्री के साथ मारपीट की है। अवागढ़ के गांव नगला नसीर निवासी ललिता पुत्री डिप्टी सिंह ने बताया कि अवागढ़ के नगला सीर निवासी रामगोपाल पुत्र पोखपाल समेत चार लोगों द्वारा पीड़िता के साथ मारपीटकर धमकी दी है। जलेसर के गांव रसीदपुर निवासी हरिकिशन की पत्नी मंजू ने आरोप लगाया है कि गांव के निासी रामअवतार पुत्र श्रीपाल समेत चार लोगों ने मारपीट कर गाली गलौज की है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर भाभी को देवर ने पीटा

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** निधौलीकलां के गांव लहरा निवासी महिला का कहना है कि मथुरा के महावन थाना क्षेत्र के हबीबपुर निवासी देवर जितेन्द्र पुत्र सत्यराम समेत दो लोगों द्वारा पीड़िता के गांव आकर उसके साथ छेडखानी की, विरोध करने पर मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले की रिपोर्ट दो लोगों के खिलाफदर्ज कराते हुए पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है।

# घर में घुसकर 60 हजार रुपए चोरी

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम चमन नगरिया निवासी बालकराम पुत्र लाखन सिंह का कहना है कि रात के समय सुरेन्द्र पुत्र वीरे नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर में चोरी छुपे घुय गया। आरोप है कि इन लोगों द्वारा पीड़ित के घर में रखी अलमारी से जेबरात, 60 हजार रुपए चोरी कर लिए। जानकारी होने पर आरोपितों के खिलाफकेस दर्ज कराया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाइजेशन 5 मई को

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने सूचित किया है कि जनपद में तृतीय चरण के तहत एटा लोकसभा की विधानसभा एटा सदर, मारहरा एवं आगरा लोकसभा की विधानसभा जलेसर में 7 मई को मतदान होना है। मतदान को आयोग की मंशा के अनुरूप सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से तैनात किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पार्टी के कार्मिकों का तृतीय रेण्डमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक आगरा लोकसभा वरूण रंजन आईएएस की अध्यक्षता में जनपद में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि उपस्थिति में 5 मई को अपरान्ह 2 बजे कलक्ट्रेट स्थिति नवीन सभागार में किया जाएगा।

# अखिलेश यादव के आगमन को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने तैयारी की तेज

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** सपा सुप्रीमो के 5 मई को जलेसर में आगमन को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता अभी से जुट गए हैं मंच बनाने को लेकर वह भीड़ जुटाने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। पूर्व विधायक रणजीत सुमन ने कहा कि यह चुनाव झूठ और सच के आईने में तोला जाएगा मौजूदा डबल इंजन की सरकार आम जनता को महंगाई बेरोजगारी के दलदल में धकेल रही है भारत का मतदाता जागरूक हो गया है और ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तत्पर है। मंच स्थल का भी निरीक्षण पूर्व विधायक के द्वारा किया गया। इस दौरान समाजवादी एवं सभा के जिला अध्यक्ष बबलू यादव पासु यादव रामू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मेडिकल कालेज में हुआ कान में छेद का सफल ऑपरेशन




अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** चिकित्सा क्षेत्र में अच्छे कार्य का उदाहरण मेडिकल कॉलेज एटा में सामने आया है, जहां डॉ. सचिन सीनियर रेजिडेंट, अस्सिस्टेंट प्रो. डॉ. आशीष शर्मा ने जैथरा निवासी कुषमा देवी के कान में छेद का आद्यात्मिक और सफल ऑपरेशन किया है।

यह ऑपरेशन एक महत्वपूर्ण मोर्चा है, चिकित्सा विज्ञान में, वीरागंना अवन्तीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (राजकीय मेडिकल कॉलेज) में पहली बार कान के छेद का सफल आपरेशन किया गया है। जिसमें तकनीकी सजगता का बेहद महत्वपूर्ण योगदान रहा। चिकित्सकों ने अत्यंत धैर्य और समर्पण से कार्य किया और मरीज को सही स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर भरोसा दिलाया। जैथरा के इस घटनाक्रम ने न केवल मेडिकल कालेज के रोगी के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए एक नई आशा की किरण दी है। इस सफल ऑपरेशन के माध्यम से, चिकित्सकों ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और प्रतिष्ठित चिन्ह को प्राप्त किया है।

## कान के मरीजों में जगाई आशा की किरण

**एटा।** अपने कौशल और विशेषज्ञता के साथ, चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार का एक और उदाहरण सामने आया है। एक अत्यधिक परिश्रम और विशेषज्ञ दल ने सफलतापूर्वक कान में छेद का ऑपरेशन किया है। यह चमत्कारी ऑपरेशन न केवल चिकित्सकों की कौशलता को दिखाता है, बल्कि मरीजों को आशा की किरण देता है। इस उपचार के दौरान, चिकित्सकों ने नवीनतम सुविधाओं और प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया। उन्होंने एक सावधानीपूर्वक रचित योजना के तहत कान के अंदरीय विकार को सही करने के लिए काम किया। इस प्रक्रिया के दौरान, चिकित्सकों ने अद्वितीय तकनीकी संभावनाओं का सहारा लिया, जिससे मरीजों को अधिक आरामदायक और बेहतर इलाज प्राप्त हो सके। इस शूरुआती चिकित्सा चमत्कार ने मरीजों में नई उम्मीदों की ज्वाला जगाई है। यह समाचार न केवल एक चिकित्सा कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन को दर्शाता है, बल्कि आगे भी इस क्षेत्र में नए अनुसंधानों और उपायों के प्रति लोगों की आशा को बढ़ाता है।

# मतदान से एक दिन पूर्व प्रमाणीकरण: एमसीएमसी समिति का निर्देश

**एटा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय दल एवं रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष महामंत्री गणों को अवगत कराया है कि जनता के मध्य भड़काऊ, भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों के मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किये जाने से रोकने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

आयोग के उक्त पत्र के अनुसार, किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य जिला स्तरीय एम0सी0एम0सी0 समिति से पूर्व प्रमाणित कराया जाना आवश्यक है। आयोग द्वारा जनपद एटा हेतु तृतीय चरण 07.05.2024 एवं .05.2024 को होने वाले मतदान हेतु क्रमशः 6 एवं 7 मई 2024तथा 12 एवं 13 मई 2024 को प्रतिबंधित दिवसों के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमें प्रकाशित कराए जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री का पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। यह भी अवगत कराना है कि उपरोक्त उल्लिखित आवेदकों को विज्ञापन के प्रकाशन के प्रस्तावित तिथि से न्यूनतम 2 दिन पूर्व एम0सी0एम0सी0 समिति कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के समक्ष आवेदन करते हुए विज्ञापन प्रमाणित कराया जाना अनिवार्य होगा।

# चोरी के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** थाना अलीगंज पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने चोरी के अभियुक्त को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में, थाना अलीगंज पुलिस ने सुरक्षा में सुधार के लिए कड़ी मेहनत की है। थाना अलीगंज पर पंजीकृत धारा 457, 380 के संबंध में अभियुक्त सुनील पुत्र राजेश को गिरफ्तार किया गया है। बरामद किए गए सामान में एक बैटरा, एक धरमुट, दो फावड़ा, एक बजन तोलने की मशीन, एक एयर कैन, तीन पैकिट रंगीन पैन्सिल, बच्चों के खेल का सामान शामिल है। इस ऑपरेशन में गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निम्नलिखित अधिकारी शामिल हैं, प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी रामवीर शर्मा, कांस्टेबल अमरजीत सिंह, और कांस्टेबल पंकज कुमार शामिल रहे।

# अवागढ़ में मुनिसुव्रतनाथ भगवान का धूमधाम से मनाया गया जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव



अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** अतिशयकारी श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ जिनालय अवागढ़ में जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रतनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव जैन श्रद्धालुओं द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि श्री 1008 भगवान मुनिसुव्रतनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव के कार्यक्रम का प्रारम्भ सर्वप्रथम श्रीमज्जिनेन्द्र अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के साथ हुआ। मध्यान्ह में जैन महिलाओं द्वारा बधाई गीतों के माध्यम से भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक को मनाया गया। उसके उपरान्त श्री जी के सम्मुख आचार्य श्री मानतुंग द्वारा रचित भक्ताम्बर स्त्रोत के 48 काव्यों का रजत मय दीपकों से आराधना की गई। कार्यक्रम में वार्षिक रथयात्रा समिति के अध्यक्ष परमिल जैन सेठी, तरुण कुमार जैन, विपनेश जैन, राजीव जैन, चौतन्य जैन लालजी, विशाल जैन, विपिन जैन, प्रशान्त जैन लब्बू, पवन जैन, अंकुश जैन, गौरव जैन, मेजर जैन, अनमोल जैन, जितेन्द्र जैन, अमित जैन मंगी, श्रीमती सुमन जैन,विक्टोरिया जैन, सुनीता जैन, सुमन जैन, मगन जैन, बेबी जैन, प्रियंका जैन, मिथलेश जैन, निधि जैन, रिंकी जैन, रेनू जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मतदाताओं के लिए 12 विकल्प फोटो पहचान पत्र जारी

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित किए गए फोटो पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पैंशन दस्तावेज, केन्द्र राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों द्वारा जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार में से कोई एक लाना अनिवार्य होगा।

डीएम ने कहा कि एपिक में प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिये। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट (तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

# ठाकुर प्रेमपाल सिंह की स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन



अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** शब्द दर्पण साहित्यिक समूह के तत्वाधान में स्व. ठाकुर प्रेमपाल सिंह की स्मृति में गत दिवस जलेसर क्षेत्र के गांव नगला उदी में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ, सम्मेलन में दीप प्रजलन वीरेंद्र सिंह ने एवं मंच का संचालन अंतर्राष्ट्रीय कवित्री सरला शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजन कुमार प्रबल प्रताप सिंह राणा ने किया अलीगढ़ से आई कवित्री व्रतिका तोमर ने शक्ति का हाथ हो रहा आसान हो दीजिए साज-सारे हमे शारदे हिसार हरियाणा से पधारी कवित्री राजबाला राज ने वह हाथरस से पधारे कभी वीरेंद्र पाठक ने अपनी कविता सुनकर मंत्र मुक्त किया अयोध्या दर्शन की इच्छा जाहिर की गुरुग्राम से पधारे आगरा के मूल निवासी कवि भानु प्रताप सिंह तोमर ने सुनाया के शहरों में बसने वाले हम आओ चले अपने गांव चले जहां बिताया बचपन अपना आओ फिर उस ठाव चले।

लखनऊ से पधारी कवित्री सरला शर्मा ने देशभक्ति व श्रृंगार पर अपना शानदार गीत सुनाया चरण माता-पिता के चुके तुम सम्मान लिख देना कभी थामो किसी का हाथ तो मुस्कान लिख देना तिरंगे के लिए जीना तिरंगे की ही खातिर तुम लहू से अपनी इस माटी पर हिंदुस्तान लिख देना कासगंज से आए कभी विपिन शर्मा ने गाये गीत में कहा पत्तियां सूख कर सब करती रही बैंक मुस्कान में खुसवू महकती रही फूल जाकर बिके जब बाजार में सुखिया डालियों पर सिशकती रही। फरीदाबाद हरियाणा से पधारे हास्य कवि एनसी खंडेलवाल हाथरस से पधारे कवि उपाध्याय के सब ने शब्द अर्पण दर्पण के संस्थापक अध्यक्ष मानव सिंह राणा शुओम ने भी भी अपनी अपनी रचना से दर्शकों का मनमोहा लिया। इस दौरान वीरेंद्र सिंह सज्जन पाल सिंह उदय वीरेंद्र मिश्रा अभय पाल सिंह रूपेश कुमार रणवीर सिंह प्रमोद कुमार मुनेशपाल सिंह प्रताप सिंह गजेंद्र सिंह रोहित सिंह मानवेंद्र सिंह महावीर शर्मा कमल शर्मा नेमीचंद शर्मा भीम प्रसाद शर्मा विजय कुमार सिंह पूर्व प्रधान एसपी सिंह नीलू संजीव कुमार सिंह नरेश कुमार सिंह अरुण प्रताप सिंह आंसू संतोष कुमार सिंह देवेंद्र कुमार जैन आदि मौजूद थे।

# विशेष प्रेक्षकों की बैठक में चुनावी तैयारियों को परखा



अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** आयोग द्वारा भेजे गए विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी. नायक, विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह, विशेष प्रेक्षक व्यय राजेश टुटेजा शुक्रवार को अपरान्ह में जनपद मुख्यालय पहुंचे। जनपद मुख्यालय पहुंचने पर विशेष प्रेक्षकगणों का जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तदोपरान्त विशेष प्रेक्षकगणों द्वारा सामान्य प्रेक्षक आगरा लोकसभा वरूण रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेश दाधीच, व्यय प्रेक्षक राम सिंह गुर्जर, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, जिलाधिकारी कासगंज सुधा वर्मा, एसएसपी राजेश कुमार सिंह, एसपी कासगंज अपर्णा रजत कौशिक सहित निर्वाचन में लगे नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक की। उन्होंने इस दौरान जनपद एटा में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए तैयारियों को परखा एवं आयोग की मंशा के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव को सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

विशेष प्रेक्षकगण ने कहा कि पोलिंग स्टेशन पर मतदाताओं की सुरक्षा अतिमहत्वपूर्ण है, मतदान केन्द्र पर पार्टी के एजेंटों का स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि वे मतदाताओं को मतदान हेतु प्रभावित न करें, अपने स्थान पर ही बैठे रहें। वोट डालने के बाद पोलिंग स्टेशन के आसपास भीड़ एकत्रित न होने दी जाए। प्रत्येक केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए, सीएपीएफका व्यवस्थापन आयोग के मानक के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। मतदाता पर्ची एवं वोटर गाइड का वितरण शतप्रतिशत करते हुए जो मतदाता नये बने हैं और अभी तक एपिक कार्ड नहीं मिले हैं, ऐसे मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण किया जाए। मतदान प्रक्रिया एवं मतदान के दिन सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए, कन्ट्रोलरूम, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण होना चाहिए। इसके साथ ही फोर्स की ब्रीफिंग के दौरान मतदान करने हेतु जारी किए गए विकल्प की जानकारी फोर्स को देते हुए उनके ड्यूटी कार्ड के साथ वितरित कर दी जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी कासगंज सुधा वर्मा, एसएसपी एटा राजेश कुमार सिंह, एसपी कासगंज अपर्णा रजत कौशिक प्रभारी अधिकारी कार्मिक डा0 एके वाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, एसडीएम अलीगंज प्रतीत त्रिपाठी, एसडीएम जलेसर जगमोहन गुप्ता, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी सरोज प्रजापति सहित अन्य समस्त नोडल अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# केबिल डालते समय अनाचक टूटकर गिरा विधुत पोल, दो कर्मचारी चुटैल



अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** शहर के नदरई गेट पुलिस चौकी के समीप विद्युत पोल पर नई केबिल डालते समय अचानक पोल टूटकर नीचे आ गिरा। पोल के साथ ही काम कर रहे दो कर्मचारी भी गिर गए। जिससे वह चुटैल हो गए। अचानक पोल के धराशायी होने से क्षेत्र में गुजर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि विद्युत पोल टूटकर ट्रैक्टर पर टिक गया, अन्यथा बडा हादसा भी हो सकता था।

शुक्रवार की सुबह शहर के नदरई गेट पुलिस चौकी के समीप विद्युत केबिल बदलने का कार्य किया जा रहा था। विद्युत कर्मचारी शटडाउन लेकर चौकी के समीप पोल पर चढ़कर केबिल डाल रहे थे। केबिल खींचने का प्रयास करते ही नीचे से गल चुका विद्युत पोल अचानक गिर पड़ा। जिससे पोल पर काम कर रहे कर्मचारी गजेंद्र व एक अन्य व्यक्ति पोल के साथ नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि पोल विद्युत कार्य संबंधी सामान लेकर खडे ट्रैक्टर ट्राली पर टिक गया और कर्मचारी जमीन पर गिरे, जिससे वह चुटेल हो गए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। चुटैल कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार दिलाया।

# गंजडुंडवारा क्षेत्र में शस्त्र फैक्ट्री पर छापेमारी, दो गिरफ्तार

## आरोपियों से बने, अधबने तमंचा, कारतूस, बनाने के उपकरण किए बरामद



अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के नगला चिना गांव के जंगल में चल रही शस्त्र फैक्ट्री पर पुलिस ने छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसओजी, सर्विलांस व स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के पास से बने, अधबने तमंचा, शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई की है। एसपी राजेश कुमार भारती ने बताया कि आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस टीमें क्षेत्र में सक्रिय हैं। टीमें क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की धरपकड़ में जुटी हुई हैं। इसी के चलते शुक्रवार को थाना गंजडुण्डवारा, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गंजडुण्डवारा क्षेत्र के गांव नगला चिना के जंगल में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे संजोग सिंह उर्फसंजू पुत्र श्याम सिंह निवासी काशीराम कॉलोनी गंजडुण्डवारा, रहीश पुत्र लियाकत निवासी रसूलपुर थाना सिकन्दरपुर वैश्य, हाल निवासी मौहल्ला बरी थोक गंजडुंडवारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों ने आरोपियों से पांच बने हुए तमंचा, एक तमंचा अधबना, छह कारतूस, दो खोखा कारतूस, शस्त्र बनाने के उपकरणों में वर्मा, आरी, छैनी, हथौडा, रैती, ब्लेड, धोंकनी, लोहे की पत्ती, स्प्रिंग समेत अन्य सामान बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर गंजडुंडवारा विनोद कुमार, सर्विलांस प्रभारी प्रवेश राणा, एसओजी प्रभारी विनय कुमार शर्मा समेत अन्य हमराह शामिल रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य

अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** सिकन्दरवैश्य थाना के प्रभारी निरीक्षक ब्रजपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार चेकिंग व गशत पर है। वांछितों को भी तलाश कर रही है। इसी के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुजम्मिल पुत्र बब्बू हुसैन, ताहिर हुसैन पुत्र इदरीश निवासीगण म्याँऊ थाना सिकन्दरपुर वैश्य को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार बाइक, एक चोरी की बैटरी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की है।

# उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने न्यायाधीश का किया जोरदार स्वागत

अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति कासगंज के श्री कौशल किशोर सिंघल सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक के नेतृत्व में माननीय अचल कुमार पालीवाल माननीय न्यायाधीश हाई कोर्ट के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नदरई गेट कासगंज पर आगमन पर स्वागत कार्यक्रम किया। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं जनपद चेयरमैन राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग विजय राजपूत ने शाल उड़ाकर तथा सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति कौशल किशोर सिंघल ने प्रतीक चिन्ह देकर तथा मुन्नालाल मतवाला राष्ट्रीय कलाकार परिवार संघ ने पगड़ी पहनाकर कर तथा सी पी सिंह कुशवाहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद किशन शक्री जिला प्रभारी भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन मंत्री मोहित अग्रवाल उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश वशिष्ट सोहनलाल बघेल आदेश कुमार पालीवाल संगठन मंत्री सत्य प्रकाश गहलोत सह मंत्री राजन कुमार कोषाध्यक्ष सुनील कुमार एवं यतेंद्र कुमार राघव एवं उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के सभी पदाधिकारी ने



फूलमाला पहनाकर माननीय न्यायाधीश का स्वागत किया।

# पेड़ पर लटका मिला किशोरी का शव, परिवार में कोहराम

**कासगंज।** शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के समीप पेड़ पर किशोरी का शव लटका मिला है। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की सुबह कोतवाली कासगंज क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के लापता होने की जानकारी दी गई। परिजन भी किशोरी की तलाश में जुटे हुए थे। तलाश के दौरान घर के नजदीक ही एक पेड़ पर किशोरी का शव लटका मिला। किशोरी को मृत देखकर परिवारीजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। एएसपी राजेश कुमार भारती ने बताया कि ग्रामीण ने सुबह किशोरी के गायब होने और आधा घंटा बाद ही उसका शव लटके होने की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अग्रिम कार्रवाई की है।



# दूसरे फेज में पहले से भी कम मतदान हुआ

## एनडीए या इंडिया किसके मुद्दे भारी; कम वोटिंग पैटर्न के क्या हैं मायने?

**लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैलको संपन्न हो गया। 12 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की कुल 88 सीटों पर शाम पांच बजे तक हुए मतदान के आंकड़ों से स्पष्ट है कि कमोबेश सभी जगह मतदान के प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर हुए चुनाव में पहले फेज के मतदान से भी कम वोटिंग हुई है। यूपी की आठों लोकसभा सीटों पर 52.74 फीसदी वोट पड़े थे, जो पहले चरण से करीब पांच फीसदी कम है। पहले चरण में पांच बजे तक 57 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े थे।**



### कहां कितनी वोटिंग?

उत्तर प्रदेश के मथुरा में सबसे कम वोटिंग हुई है। 5 बजे तक केवल 46.96 प्रतिशत लोगों ने ही वोटिंग की थी। अलीगढ़ में 54.36प्रतिशत, अमरोहा में 61.89प्रतिशत, बागपत में 52.74प्रतिशत, बुलंदशहर में 54.34प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 51.66प्रतिशत, गाजियाबाद में 48.21प्रतिशत और मेरठ में 54.62प्रतिशत मतदान हुआ था।

अन्य राज्यों की बात करें तो बिहार में भी वोट परसेंट में गिरावट दर्ज की गई है, व शाम 5 बजे तक 53.58प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया था। हालांकि, पूर्वोत्तर के राज्यों में फिर लोगों ने बढ़ चढ़कर वोटिंग की थी। असम 70.66 प्रतिशत, मणिपुर 76.06प्रतिशत, त्रिपुरा 77.53प्रतिशत और पश्चिम बंगाल 71.84प्रतिशत वोटिंग हुई थी। इनके अलावा छत्तीसगढ़ में 72.13प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90प्रतिशत, केरल में 63.97प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22प्रतिशत और राजस्थान 59.19प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई थी।

राजनीतिक जानकार बता रहे हैं कि गर्मी के अलावा स्थानीय मुद्दों की कमी, स्थानीय सांसदों के प्रति नाराजगी और इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अबकी बार 400 पार के नारे की वजह से वोटरों को ऐसा लगता है कि फिर से भाजपा की ही सरकार बनने जा रही है, इसलिए मतदान में रूचि नहीं ले रहे हैं। हालांकि, कुछ विश्लेषकों का कहना है कि महंगाई, बेरोजगारी जैसे कई बड़े मुद्दे हैं लेकिन मतदाताओं का ध्रुवीकरण नहीं हो सका है, इसलिए बड़ी संख्या में लोग वोट डालने नहीं निकल रहे हैं।

कुछ चुनावी विश्लेषकों का यह भी मानना है कि इस चुनाव में भी भाजपा बनाम कांग्रेस के अलावा तीसरा कोई विकल्प नजर नहीं आ रहा है, इसलिए परिवर्तन को ना उम्मीदी में लोग वोट करने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

### किस-किस के क्या मुद्दे है?

सत्ताधारी भाजपा पिछले 10 वर्षों के अपने काम-काज और 2047 के विकसित भारत के एजेंडे के नाम पर चुनावों में वोट मांग रही है लेकिन प्रधानमंत्री से लेकर सत्ता पक्ष का हर बड़े नेता इन मुद्दों पर कम ही बातें कर रहे हैं और वे सभी कांग्रेस, राहुल गांधी और गांधी नेहरू परिवार को घेर रहे हैं। जैसा कि अमूमन हर चुनाव में होता आया है। 2014 के चुनाव में जब मोदी पहली बार बंपर सीटों से जीतकर सरकार में आए थे, तब भाजपा ने महंगाई, बेरोजगारी, डीजल-पेट्रोल के दाम, दो करोड़ नौकरियों का वादा, अत्याचार, राम मंदिर,370 जैसे कई लोकलुभावन मुद्दों पर बात की थी, लेकिन इस बार उसकी कमी है।

दूसरी तरफ राहुल गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जातीय जनगणना, आरक्षण खत्म करने की भाजपा को कोशिश, संविधान बदलने का भय, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों को एमएसपी और न्याय स्कीम के तहत महिलाओं छात्राओं और विद्यार्थियों को पैसे देने, अप्रेंटिसशिप देने जैसे कई लोकलुभावन मुद्दों की बात कर रही है। भाजपा जहां हिन्दू-मुस्लिम ध्रुवीकरण में जुटी है तो वहीं इंडिया अलायंस के नेता ओबीसी-एससी-एसटी ध्रुवीकरण में लगी हुई हैं।

### कम वोटिंग के क्या मायने?

अमूमन कहा जाता है कि जब सत्ता विरोधी लहर होती है तो बंपर वोटिंग होती है लेकिन यह मिथक कई बार टूट चुका है। एक तर्क यह भी है कि जब कम वोटिंग होती है तो भाजपा के लिए वह निराशाजनक होती है। हालांकि भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं कि पीएम मोदी की अगुवाई में चौथी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। दूसरी तरफ कुछ कांग्रेसी नेताओं का दावा है कि कम वोटिंग और मतदाताओं के रुझान से भाजपा परेशान है। उनका दावा है कि जब भी कम वोटिंग हुई है, सत्ता कांग्रेस के हाथ में आई है।

### कब-कब कितनी फीसदी वोटिंग?

2019 के लोकसभा चुनाव में देशभर के कुल 542 निर्वाचन क्षेत्रों (एक सीट पर बाद में चुनाव हुआ था) में 67.11प्रतिशत मतदान हुआ था जो रिकॉर्ड था। 2014 में यह आंकड़ा 66.44प्रतिशत था। पिछले सभी लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करें तो इसमें उतार-चढ़ाव होता रहा है। सबसे कम मतदान 1951 में हुए पहले आम चुनाव में हुआ था। उस वक्त सिर्फ 45.67प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

इसके बाद 1957 में 47.74प्रतिशत, 1962 में 55.42प्रतिशत, 1967 में 61.33प्रतिशत (जब पहली बार इंदिरा गांधी ने कांग्रेस का नेतृत्व किया था), 1971 में 55.29प्रतिशत, 1977 में 60.49प्रतिशत, 1980 में 56.92प्रतिशत, 1984-85 में 64.01प्रतिशत (इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुआ था चुनाव), 1989 में 61.95त्र (जब वी पी सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय मोर्चा की जीत हुई थी), 1991-92 में 55.88प्रतिशत (जब कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी), 1996 में 57.94प्रतिशत, 1998 में 61.97प्रतिशत, 1999 में 59.99प्रतिशत, 2004 में 57.98प्रतिशत 2009 में 58.19प्रतिशत और 2014 में 66.44प्रतिशत वोट पड़े थे।

बता दें कि 2004 के चुनावों में 1999 से करीब दो फीसदी कम वोट पड़े थे, तब केंद्र से अटल बिहारी वाजपेयी सरकार गिर गई थी और मनमोहन सिंह की सरकार बनी थी। 1998 में जब वाजपेयी की सरकार 13 महीने के लिए बनी थी, तब 1996 के मुकाबले करीब चार फीसदी अधिक वोटिंग हुई थी और जब 1999 में सरकार गिरने के बाद तीसरी बार पूरे पांच साल के लिए अटल सरकार बनी थी, तब वोटिंग परसेंट में करीब दो फीसदी की गिरावट आई थी।



# मायावती की चाल से सपा-कांग्रेस को नुकसान

लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा उत्तर प्रदेश में बीजेपी और इंडिया गठबंधन का राजनीतिक गणित फेल करने की कोशिश कर रही है। मायावती ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में सात सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है। ये सीटें – अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, सहारनपुर, रामपुर, आंवला और पीलीभीत हैं। इन सीटों पर बसपा के उम्मीदवार इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के वोट में सेंध लगाएंगे जिसका गठबंधन को नुकसान होगा और इसका फायदा बीजेपी को मिल सकता है।

### बीजेपी सपा को कैसे दे रही चैलेंज?



ब्रज और रोहिलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटों पर 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। यह 10 निर्वाचन क्षेत्र– संभल, हाथरस (अनुसूचित जाति), आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली है। 2019 के चुनावों में सपा–बसपा गठबंधन को झटका देते हुए भाजपा ने इनमें से आठ सीटों पर जीत हासिल की। जहां सपा संभल और मैनपुरी सीट को जीतने में कामयाब रही, वही बसपा इस क्षेत्र में अपना खाता भी नही खोल पायी थी।सपा ने इस बार कांग्रेस से हाथ मिलाया है और इस क्षेत्र में नौ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं वही, फतेहपुर सीकरी सीट कांग्रेस को दी है। भाजपा ने अपने गठबंधन सहयोगी– आरएलडी के समर्थन से ओबीसी मतदाताओं पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में जुटी है। वही रायबरेली में राहुल गांधी ने 3 मई को नामांकन भरने के साथ ही मुकाबला रोचक हो गया है।



**संभल–** इस निर्वाचन क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। मौजूदा सांसद शफीकुर रहमान बर्क के निधन के बाद समाजवादी पार्टी ने कुंदरकी से पार्टी विधायक जियाउर रहमान बर्क को मैदान में उतारा है। जहां भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद ओबीसी की पसंद परमेश्वर लाल सैनी पर फिर से भरोसा दिखाया है, वहीं बसपा ने पूर्व सपा विधायक शौलत अली को टिकट दिया है। 2019 में सपा के शफीकुर ने भाजपा के परमेश्वर लाल को दो लाख से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। वही 2014 में, भाजपा के सत्यपाल सिंह ने बर्क को 5000 वोटों के मामूली अंतर से हराकर सीट जीती थी।

**हाथरस–** भाजपा 1991 से लगातार इस सीट को जीतती आई है। 2009 में, राष्ट्रीय लोक दल ने भाजपा के साथ गठबंधन में यह सीट जीती। 2019 में बीजेपी के राजवीर सिंह दिलेर ने सपा के रामजी लाल सुमन को हराया था। इस बार बीजेपी ने दिलेर की जगह अनूप वाल्मिकी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, सपा ने जसवीर वाल्मिकी और बसपा ने हेमबाबू धनगर को मैदान में उतारा है।

**बरेली–** भाजपा ने यहां से अपने आठ बार के सांसद संतोष गंगवार की जगह छत्रपाल गंगवार को मैदान में उतारा है। सपा ने बरेली से पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को टिकट दिया है, वहीं बसपा ने पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार को मैदान में उतारा है।

**फिरोजाबाद–** सपा का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है। भाजपा ने मौजूदा सांसद चंद्र सेन जादौन की जगह ठाकुर विश्वदीप सिंह को टिकट दिया है। जादौन ने 2019 के चुनाव में सपा नेता रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को हराकर जीत हासिल की थी। विश्वदीप ने 2014 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा लेकिन वह मुकाबला हार गए। बाद में वह बीजेपी में शामिल हो गये।

- **मैनपुरी–** समाजवादी पार्टी का अभेद्य किला माने जानी वाली इस सीट पर यादव परिवार के सदस्य 1996 से सीट जीत रहे है। सपा की डिंपल यादव के खिलाफ भाजपा ने पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है। बसपा ने मैनपुरी से गुलशन देव शाक्य को हटाकर पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव को मैदान में उतारा है।
- **एटा–** भाजपा ने 1989 से छह बार यह सीट जीती है। एटा को पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने बीजेपी का गढ़ बनाया था। उनके बेटे राजवीर सिंह ने 2014 और 2019 में यह सीट जीती थी। बीजेपी ने राजवीर पर इस बार भी अपना भरोसा जताया है जबकि सपा ने बीजेपी के गैर–यादव ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए देवेश शाक्य को मैदान में उतारा है। वही, बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवार मोहम्मद इरफान को मैदान में उतारा है।
- **बदायूं–** इस निर्वाचन क्षेत्र को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। पार्टी 1996 से लगातार छह बार यह सीट जीती है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव इस बार बदायूं से चुनावी मैदान में हैं।

# बिहार की यह सीट भाजपा-एनडीए के लिए बड़ी चुनौती बनी

### सिर्फ एक बार मिली है जीत

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर कड़ी टक्कर थी। इन पांच सीटों में किशनगंज लोकसभा सीट भी शामिल है, जो बंगाल और नेपाल की सीमा से सटी है। किशनगंज लोकसभा सीट के अलावा दूसरे चरण में बिहार की कटिहार, पुर्णिया, भागलपुर और बांका लोकसभा सीटों पर भी वोट डाले। किशनगंज लोकसभा सीट बिहार की उन लोकसभा सीटों में शामिल है, जिसे जीतना बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के लिए बहुत बड़ी चुनौती माना जाता है।

दरअसल बिहार की इस लोकसभा सीट पर करीब 68 फीसदी मुस्लिम वोटर्स हैं। यही वजह है कि यहां से चुनाव लड़ने वाले दल इस सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारना ही बेहतर समझते हैं। एनडीए गठबंधन के तहत इस बार इस सीट पर जदयू ने उम्मीदवार उतारा तो, दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन की तरफ से यह सीट कांग्रेस को मिली। इस सीट पर इस बार ओवैसी की पार्टी भी चुनाव लड़ रही है।

### 2024 में कौन-कौन उम्मीदवार?

किशनगंज लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला त्रिकोणीय था। यहां इस बार कांग्रेस ने पिछली बार के विजेता जावेद आजाद पर फिर भरोसा जताया। जावेद के सामने जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम के अख्तरुल इमान हैं।

### सिर्फ एक बार किशनगंज जीती है बीजेपी

किशनगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी को सिर्फ एकबार जीत मिली है। यहां साल 1999 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़े सैय्यद शहनवाज हुसैन चुनाव जीते थे। उस चुनाव में उन्हें 2,58,035 वोट मिले थे। उन्होंने राजद के कद्दावर नेता तस्लीमुद्दीन को मात दी थी। राजद प्रत्याशी को यहां 2,49,387 वोट मिले थे जबकि एनसीपी की तरफ से चुनाव लड़ रहे मौलाना अशरुल हक को 1,97,478 वोट मिले थे।

**क्या रहे 2014 और 2019 के परिणाम?–** किशनगंज लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी ने पिछले तीन लोकसभा चुनाव जीते हैं। साल 2009 में कांग्रेस को मोहम्मद अशरुल हक ने यहां जदयू के सैय्यद मोहम्मद अशरफ और राजद के तस्लीमुद्दीन को मात दी थी। साल 2014 में भी यहां कांग्रेस के मोहम्मद अशरुल हक ही जीते। इस चुनाव में उन्होंने बीजेपी के डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को हराया। जदयू के प्रत्याशी अख्तरुल इमान तीसरे नंबर पर रहे। बात अगर साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव की करें तो किशनगंज लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने डॉ. मोहम्मद जावेद ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 3,67,017 वोट मिले थे। उन्होंने जदयू के सैय्यद महमूद अशरफ को हराया। जदयू प्रत्याशी को 3,32,551 वोट हासिल हुए। 2019 के चुनाव में एआईएमआईएम के अख्तरुल इमान ने 2,95,029 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे।

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | डॉ. मोहम्मद जावेद | 3,67,017 |
| जदयू | सैय्यद महमूद अशरफ | 3,32,551 |
| एआईएमआईएम | अख्तरुल इमान | 2,95,029 |

# डीईओ ने दिव्यांगजन मतदाताओं को पटका पहनाकर मतदान के लिए किया प्रेरित

## छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान




**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** शुक्रवार को बदायूं क्लब में आयोजित दिव्यांग मतदाता सम्मेलन व शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दिव्यांगजनों में असीम उत्साह देखने को मिला। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए किए गए कार्यों पर जानकारी दी वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में मतदान दिवस 07 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आव्हान किया। उन्होंने सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि आमजन को दिव्यांगजनों से प्रेरणा लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अनेकों कार्यक्रम आयोजित कराए गए हैं। जिसमें दिव्यांगजनों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के मतदाताओं को आगे आना चाहिए व अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के 182 मतदाताओं ने घर पर ही मतदान किया। जनपद प्रदेश का पहला ऐसा जनपद है जहां दिव्यांग मतदाताओं एवं मुख बधिर दिव्यांग मतदाताओं की वीडियो कॉल करने पर संकेत भाषा में मतदान संबंधी जानकारी कलेक्ट्रेट स्थित हेल्पलाइन नंबर द्वारा दी जा रही है। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं को पटका पहनाकर सम्मानित व मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान।

दिव्यांग आइकॉन धर्मेंद्र सिंह, सदाकत खान, अयूब खान द्वारा दिव्यांग मतदाताओं से शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। दीक्षा पटेल ने संकेत भाषा में कार्यक्रम को इंटरप्रेट कर बधिर मतदाताओं को समझाया। कार्यक्रम का संचालन बदायूं क्लब के सचिव अक्षत अशेष ने किया।

इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी राम जनम, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला, प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, दिव्यांगजन अधिकारी प्रणव पाठक, प्रधानाचार्य इस्लामिया इंटर कॉलेज अब्दुल सुबूर खाँ, विशेष शिक्षक राजेश मौर्य, रंजन सिंह, इकबाल बहादुर सिंह, मधुकर मिश्र, डा. पंकज, सरवर अली, अमित शर्मा, सचिन सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे।

# दीवार कटकर खाद-बीज की दुकान में लाखों का माल चोरी

**अमर प्रभात संवाद**

**इस्लामनगर** ।थाना क्षेत्र में गुरूवार की रात किसी समय चोरों ने चंदौसी मार्ग पर एक खाद और बीज की दुकान की दीवार काटकर नकदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया।शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित दुकानदार ने थाना पुलिस को सूचना दी।अब पुलिस जांच में जुटी है।

उल्लेखनीय हैकि नगर निवासी अर्जुन पुत्र नरेंद्र पाल की चंदौसी मार्ग पर खाद- बीज भंडार की दुकान है।दो मई की रात में किसी समय चोरों ने दुकान के पिछली दीवार काट ली थी।जिसके बाद चोर दुकान से डीएपी खाद के कट्टे, जनरेटर, कीटनाशक दवाईयां समेत कांटा वाट और गल्ले में रखे नकद रुपये पार कर दिए। शुक्रवार की सुबह जब दुकान स्वामी प्रतिष्ठान पर पहुंचा तो वहां के हालत देखकर दंग रह गया।रत में चोरी का आभास तथा नकदी व माल गायब देख अर्जुन पुत्र नरेंद्र ने घटना की सूचना पुलिस को दी।जिसके बाद घटना स्थल पड़ताल के पश्चात पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पेशकार से नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम से की मुलाक़ात

## शुक्रवार को वकीलों ने बैठक कर अग्रिम भूमिका तय की



**अमर प्रभात संवाद**

**बिसौली।** एसडीएम के पेशकार द्वारा अधिवक्ताओं के साथ अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने को लेकर अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर एसडीएम कल्पना जायसवाल से ज्ञापन के माध्यम से शिकायत की थी। उसी क्रम में सिविल बार एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामशरण शर्मा एडवोकेट की उपस्थिति में आवश्यक बैठक आहूत की। और एसडीएम कोर्ट में अधिवक्ता साथी के साथ दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की। वही बैठक में सिविल वार के अधिवक्ताओं ने तहसील वार एसोसिएशन को प्रस्ताव कर पूर्ण रूप से समर्थन का आश्वासन दिया। बैठक में लेखराज सिंह, रामशरण शर्मा, संजीव मिश्रा, सतेंद्र मिश्रा, संजीव यादव, अंसारअली, गंगालहरी, प्रवीन शर्मा, राजकुमार पाल आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# हाई वोल्टेज लाइन की चिंगारी से लाखों की फसल हुई स्वाहा

## जनपद के ग्राम पटपरागंज और रावतपुर के किसान आकस्मिक घटना से हलकान

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं** ।मौसमी तपिश के बीच जिले की जर्जर विधुत लाइन जिले के किसानो को को आर्थिक हानि का सबब बनी हुई है। बीते 24 घंटे में ही जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में आकस्मिक अग्निकांड होने से कई वीघा गेंहू के लाख आग में जलाकर स्वाहा होने से क्पीदितों को लाखों की आर्थिक क्षति पहुंची है।

इस क्रम में अवगत करादें कि जनपद में गेंहू कटाई का सीजन शुरू होते ही दावानल अपना प्रकोप दिखाता आरहा है।इसके तहत अभी तक कई किसानो की फसल आकस्मिक आग की भेंट चढ़ चुकी है।इसके तहत ध्यान दें कि शुक्रवार को थाना जरीफनगर क्षेत्र के ग्राम शाह नगर पटपरा गंज में दोपहर के समय ग्रामवासी सतेंदर पुत्र हरीबाबू के खेत में अकस्मात आग लग गयी।जिसने तेज हवा के कारण कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया।इस स्थिति में भुक्तभोगी किसान का करीब 12 वीघा गेंहू का लाक जानकर राख हो गया। अग्निकांड का कारण विधुत लाइन से निकली चिंगारी बताई जा रही है। इसी तरह का दूसरा अग्निकांड जिले के ही उसावा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम रावतपुर का रहा।बताते हैकि वहां ग्रामवासी आर्यन्द्र यादव के खेत के ऊपर से हाई वोल्टेज लाइन गुजर रहे है।जानकारी के मुताबिक़ इसी तार के टूटने से अकस्मात खेत में आग लग गयी।लिहाजा देखते- ही देखते इलाके में आग के गुबार उठने लगे।इस घटना के जानकारी अग्निशमन विभाग को देकर ग्रामीण खुद आग बुझाने में जुटे रहे फिर भी आर्यन्द्र यादव की करीब एक एकड़ गेंहू की फसल इस आग की भेंट चड़ने से उन्हें लाखो की आर्थिक क्षति मानी जा रही है।



### जनपद में आज दो जनसभा को सम्बोधित करेंगे डिप्टी सीएम

**बदायूं।** भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि आँवला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, 04 मई को 11 बजे कटरा सहादतगंज में जनसभा करेंगे। उसके बाद 01 बजे कादरचौक में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हेलीकॉप्टर से दोनों जनसभाओं में पहुंचेंगे।

# सड़क किनारे घायल मिले ग्रामीण ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

## मृतक एक निजी स्कूल में माली का कार्य करता था,पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं** । थाना सिविल लाइन अंतर्गत उझानी मार्ग पर स्थित छुईया मंदिर के समीप सड़क किनारे एक वृद्ध घायलावस्था में पड़ा मिला था।ज्जिन्हे पुलिस ने राजकीय मेडीकल में भर्ती किया था।जहाँ इलाज के दौरान वृद्ध की मौत होने से परिवार में कोहराम मचा है।

अवगत करादें कि नौशेरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुनौरा बाजिदपुर निवासी बुजुर्ग श्रीपाल उझानी मार्ग स्थित एक निजी स्कूल में माली का कार्य कर रहे थे।परिजनों के अनुसार गुरूवार को वो घर से स्कूल जाने की कहकर निकले थे। बाद में बुजुर्ग श्रीपाल छुईया मंदिर के समीप सड़क किनारे घायल पड़े मिले।जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने पीड़ित को राजकीय मेडीकल कालेज में भर्ती कर प्तिज्नो को मामले के सूचना दी थी।बताते हैकि देर रात 55 वर्षीय वृद्ध श्रीपाल पुत्र झाजन सिंह ने दम तोड़ दिया।परिजनों से खबर मिलने पर पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। माना जा रहा हैकि कोई अज्ञात वाहन चालक इस बुजुर्ग को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।वृद्ध की आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने भानु प्रकाश



**बदायूं** । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति मिलने पर समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी ने नगर निवासी भानु प्रकाश ÷भानु÷ पुत्र जवाहर सिंह यादव एडवोकेट को सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।उल्लेखनीय हैकि मोहल्ला नेकपुर निवासी श्रीभानु पूर्व में जिलाध्यक्ष रहते हुए पार्टी और संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठावान रहे हैं।जिन्हें युवजन सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष नामित किय जाने पर जिले समाजवादी साथियों में खुशी व्याप्त हो गयी है।

# पारिवारिक बंटवारे में मारपीट के दो आरोपी नामजद

## घायल ग्रामीण का बरेली में इलाज चल रहा

**अमर प्रभात संवाद**

**उझानी।** समीपवर्ती ग्राम कुडा नरसिंहपुर में एक परिवार के बीच पैतृक सम्पंति के बटवारे का विवाद चल रहा था।आरोप हैकि इसी समय गावं के दो लोगों ने हस्तक्षेप करके पिता के पक्ष में उसके फौजी पौत्र की निर्ममता से पिटाई कर दी।इसके बाद घायल को जिला अस्पताल के बाद परिजन हायर सेन्टर ले गये है।इस मामले में घयल की पत्नी ने कोतवाली में पांच दो नामजदों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।सम्पति के बटवारे एवं आपसी मारपीट के इस मामले में अवगत करादें कि बरेली में इलाजरत घायल नरेश पाल की पत्नी शशि प्रभा ने इस सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पैतृक बटवारे को लेकर ससुर विवाद हो गया था।शशि प्रभा का आरोप है कि आपसी कहासुनी के बीच ही गाव के नामजद दबंगों ने घरेलू मामले में हस्तक्षेप करते हुए ससुर का पक्ष लेकर बेबजह पति को बुरीतरह पीटकर घायल कर दिया था जोकि अभी बरेली अस्पताल में इलाजरत है। भुक्तभोगी फौजी की पत्नी शशि प्रभा की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है ।

# वोटर पर्ची पढ़कर किसान वोटर केंद्र को लेकर नाराज

**इस्लामनगर** । आगामी मतदान तिथि के अब तीन दिन शेष रह गये है।इस क्रम में क्षेत्र में बीएलओ द्वारा वोटर पर्चियों का वितरण जारी है। इन्ही के घर पहुंचे पर एक गावं के मतदाताओं का सिर भन्नाया हुआ है। इस क्रम में बतादें कि विकास खंड की ग्राम पंचायत करियामई के मंझरा भरतपुर के बूथ-167 के ग्रामीणों को वोटिंग के लिए निर्धारित केंद्र गावं से दूर बनाया गया है।इस सम्बन्ध में गामीण मतदाताओं ने बताया, पिछले काफी समय से गांव के विद्यालय में ही मतदान केंद्र बनाया जाता है।किन्तु इस बार बीएलओ मतदान केंद्र की नामित वोटर पर्चियां को लेकर गांव भरतपुर पहुंचे तो उन्हें जानकारी मिली कि मतदान केंद्र भरतपुर से हटाकर करीब तीन किलोमीटर दूर गांव उदयपुर में बनाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मामले की जानकारी को उच्चाधिकारियों से अवगत करा दिया गया है, लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी ने इसकी सुध नहीं ली है।

# अर्द्ध सैनिक बल ने क्षेत्र के कई गांव में किया फ्लैग मार्च

## क्षेत्रीय पुलिस ने निर्भय होकर मतदान करने की अपील की



**अमर प्रभात संवाद**

**फैजगंज बेहटा ।** दो दिन बाद यानि 07 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव के मतदान के मद्देनजर पुलिस प्रशासन क्षेत्रभर में सुरक्षा व शांति को लेकर पुरी तरह सजग है।इसी क्रम में पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बल के जवानो में ग्राम सुरैनी पापड़ी , ढोरन पुर , हवीपुर , द्वंदपुर व आसफपुर समेत कई संवेदन शील गांव में फ्लैग मार्च किया इस दौरान संबंधित थाना हल्का उपनिरीक्षक हरपाल सिंह व स्थानीय आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी जगवीर सिंह , उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह , कांस्टेबल नंदू सिंह , चंद्र शेखर सिंह , सचिन कुमार सहित लगभग बीस पुलिस कर्मियों सहित पांच दर्जन से अधिक अर्द्ध सैनिक बल ने आसफपुर क्षेत्र के कई गांव में पैदल चलकर शांति व्यवस्था दुरुस्त रखने के ख्याल से गांव के मुख्य मार्गों से होकर कई किलोमीटर तक पैदल यात्रा की।इस मौके पर जनता से अपील रही कि निर्भय होकर निष्पक्ष रूप से जनता मतदान करे ।

# गलत नीयत से महिला को पकड़ने का आरोप

**उझानी ।** शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को नामजद तहरीर डाकर आरोपी ग्रामीण पे बुरी नीयत से शरीर पर हाथ चलाने का आरोप लगाया है। समीपवर्ती ग्राम कुड़ा नरसिंहपुर की रहने वाली पीडिता का आरोप हैकि जब वो अपने खेत पर थी तभी गावं निवासी नामजद वहां पहुंचकर बुरी नजर छेडछाड करने लगा ।इसी समय शोर मचाने पर महिला का पति मौके पर पहुंच गया तथा विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गयी।बताते हैकि नामजद आरोपी द्वारा भुक्तभोगी की पिटाई करने समय पडोस में काम कर रहे ग्रामीणो ने आकर मामला शांत कराया था। हम दम्पति को बचाया वही नरेश जाने से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया।पीडिता की तहरीर पाकर इस मामले की जांच हल्का इंचार्ज को दी गयी है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिह बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच हल्का दरोगा को दी गई है।

# ईएसएमएस पोर्टल पर होता है कार्यवाही का अपडेशन



**बदायूं।** उड़न दस्ता दल निरंतर रूप से चेकिंग अभियान चला रहा है। शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र दातागंज, शेखूपुर, बदायूँ, बिल्सी, सहसवान एवं बिसौली में वाहनों की चेकिंग की गई। ईएसएमएस (इलैक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर प्रत्येक का अपडेशन कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन शिफ्टों में तीन अलग-अलग फ्लाइंग स्क्रायड टीम का गठन किया गया है अर्थात एक शिफ्ट में तीन अलग-अलग टीमें अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग का कार्य कर रही हैं, जोकि निरंतर रूप से कार्यरत है।

# मन को नियंत्रण करने से जीवन सुधर जाएगा : शिवदत्त

## चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में दिए प्रवचन



**अमर प्रभात संवाद**

**बिल्सी।** वैज्ञानिक जैन मुनि श्री निर्भय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि पदमदत्त सागर महाराज एवं हेमदत्त सागर महाराज द्वारा नगर के मोहल्ला संख्या दो स्थित श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे।

धार्मिक कार्यक्रम के तहत मुनि शिवदत्त सागर ने प्रवचन देते हुए कहा कि मन को नियंत्रण कर लो, जीवन सुधर जाएगा। ये मन ही तो है जो पाप, पुण्य कराता है। जीवन को नेक और अनेक रास्तों पर ले जाता है। इसलिए कहा है कि मन के हारे हार, मन की जीते जीत। उन्होंने कहा कि मन की पवित्रता से जीवन आगे बढ़ता है। क्योंकि जीवन में मन ही है जो भटकता है और जीवन को भी भटकाता है। यदि वह अपने वश में हो जाता है तो सब कुछ सही रहता है। जीवन का उत्थान हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी कहते हैं कि तीर्थंकर की वाणी तुमने कितनी ही बार सुनी, उसका क्या फर्क पड़ा। उसका कोई असर नहीं हुआ तो सुनने से क्या फायदा। मनुष्यत्व को प्राप्त करने के लिए धर्म श्रवण करना जरूरी है। इसके पश्चात बच्चों की धार्मिक पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी प्रशांत जैन, मृगांक कुमार जैन व संतोष जैन आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में मनाया गया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रार्थना-सभा में शिक्षिका गुलिस्ता आरिफ़ द्वारा अभिभाषण प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने सत्य की प्रतीक पत्रकारिता और पत्रकारों के समाज में महत्व के विषय में बताया तथा विद्यार्थियों को भी जीवन में इसे अपनाने के लिए अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि प्रेस अथवा मीडिया वर्तमान में समाज में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो लोगों को सत्य का साथ देने तथा गलत को समाज के समक्ष लाने के लिए प्रेरित करता है। इसलिए हमें विद्यार्थियों को भी इस दिशा में अभिप्रेरित अवश्य करना चाहिए।

# बच्चों के परिजनों को किया जागरूक

**बदायूं।** सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत दहगवां ब्लांक के उच्च प्राथमिक विद्यालय अफजलपुर बुधेती के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव भटनागर द्वारा विद्यालय से लगातार अनुपस्थित चल रहे बच्चों एवं नवीन नामांकन के लिए घर-घर शिक्षा संपर्क अभियान चलाया जा रहा हैं। राजीव भटनागर ने अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए बच्चों को विद्यालय भेजने का अनुरोध किया एवं साथ ही वहां पर मौजूद अभिभावकों को शासन द्वारा विद्यालयों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने बताया कि लगातार बच्चों से संपर्क होते रहने से उनके अभिभावकों पर भी बच्चों की शिक्षा के प्रति जिम्मेदारी बढ़ेगी।




**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : मुस्लिम खां वार्ड नं. 5 ककराला थाना अलापुर बदायूँ

राजनैतिक दल का नाम : बहुजन समाज पार्टी

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : 23 लोकसभा क्षेत्र, बदायूँ। (लोक सभा चुनाव) लोकसभा क्षेत्र

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 23 लोकसभा क्षेत्र बदायूं।

मैं मुस्लिम खां (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ।

(क) लंबित आपराधिक मामले

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | श्रीमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूँ | आ. अपील सं. 02/2024 | | 406, 504, IPC थाना अलापुर (अवर न्यायालय के दोषमुक्ति) आदेश के विरुद्ध राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत अपील |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नही | लागू नही | लागू नही |
| 2. | लागू नही | लागू नही | लागू नही |



**कार्यालय प्राचार्य, नेहरू मैमोरियल शिव नारायण दास (पी.जी.) कालेज, बदायूं**

पत्रांक-का.अ./2023-24/17456 दिनांक 03.05.2024

**प्रारूप**

ने.मे.शि.ना.दास पी.जी. कालेज, बदायूं में विवरण पत्रिका (प्रॉसपेक्टस) हेतु निम्न विवरण अनुसार दिनांक 20.05.2024 तक 4200 विवरण पत्रिका के मुद्रण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

प्रास्पेक्टस का कवर पेज 300 जी.एस.एम. कार्ड शीट पर दोनों तरफ मल्टी कलर प्रिन्टिंग तथा मेन पृष्ठ पर लैमीनेशन तथा अन्दर 90 जी.एस.एम. पेपर पर 36 पेज काले रंग के साथ तथा अन्य 08 पेज 130 जी.एस.एम. चिकने पेपर पर मल्टी कलर रंगीन छपाई के साथ तथा अन्दर 1 फार्म फुल स्केप पेपर पर तथा एक फार्म 5.5 वाई 8.5 साइज की कार्ड शीट पर एक रंग से छपा हुआ।

(डा. आशीष कुमार सक्सेना)
प्राचार्य

# बूथ पर कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो : केके सुदामा

### बूथ पर निष्पक्ष होने के साथ निष्पक्ष दिखना भी है, प्रत्येक मतदान दल में एक महिला कर्मी भी होगी



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** डायट स्थित ऑडिटोरियम में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर व जोनल पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि बूथ पर कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र का भ्रमण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि मतदान के दौरान पूर्व चिन्हित वल्नरेबल मजरों के मतदाताओं ने मतदान कर लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि बूथ पर निष्पक्ष होने के साथ निष्पक्ष दिखना भी है। निष्पक्षता आपके आचरण में दर्शित भी होनी चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि 24 अप्रैल से प्रशिक्षण प्राप्त हुआ था आज प्रशिक्षण सत्र का समापन हुआ है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्विघ्न, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। आयोग की मंशा के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि उनकी ड्यूटी मैनेजरियल व मजिस्ट्रियल दोनों प्रकार की हैं। जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि वह 04 मई को अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों व बूथों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि वहां आयोग द्वारा निर्धारित एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर छाया व पेयजल होना चाहिए। जनपद में 408 क्रिटिकल बूथ हैं प्रत्येक पर माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें।

मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने बताया कि इस बार के निर्वाचन में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पर्ची को वोट देने का आधार नहीं माना है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित विकल्पों को मतदाता को दिखाना होगा। पोलिंग एजेंट की नियुक्ति के लिए कोई समय निर्धारित नहीं है। उन्होंने बताया कि 06 मई को मंडी समिति से मतदान दलों की रवानगी के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा अपने सेक्टर के मतदान कार्मिकों व माइक्रो ऑब्जर्वर यदि कोई हो, तो उसकी हाजिरी चैक की जाएगी। हाजिरी के दौरान अगर कोई मतदान दल का सदस्य या माइक्रो आब्जर्वर अनुपस्थित रहता है। तब उस दशा में हाजिरी की जांच के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सूचना दिए जाने पर ही उन्हें कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर की उपलब्धता कराई जाएगी। उन्होंने पोलिंग एजेंट कौन हो सकता है, इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने पीठासीन व मतदान अधिकारियों के दायित्व सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर व जोनल पुलिस अधिकारियों की जिज्ञासाओं को धैर्य पूर्वक सुना व शांत किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान दल में एक महिला कर्मी भी होगी।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायिक बिल्सी राशि कृष्णा, उप जिलाधिकारी न्यायिक दातागंज विजय कुमार मिश्र, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला सहित सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर व जोनल पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्ण गंभीरता व समर्पण भाव से दायित्वों का निर्वहन करें : सामान्य प्रेक्षक

### माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए जनपद में भेजे गए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने शुक्रवार को डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि वह पूर्ण गंभीरता व समर्पण भाव से अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर को एक ही बूथ मॉनिटरिंग के लिए दिया गया है। वह धैर्यपूर्वक व गंभीरता से निर्वाचन के दिन अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आपका कार्य मॉनिटरिंग करना है इसी पर फोकस करें। मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदाता द्वारा अपने पसंद के उम्मीदवार के नाम के आगे वाले नीले बटन को दबाने पर उस उम्मीदवार के बटन के सामने वाली लालबत्ती जल जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता द्वारा अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने पर उससे संबंधित विवरण वीवीपैट मशीन पर 07 सेकंड के लिए पर्ची के माध्यम से प्रदर्शित होगा। उसके उपरांत स्वतः कटकर वीवीपैट मशीन में वह पर्ची सुरक्षित हो जाएगी।

उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया, पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के दायित्व सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी व उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रेक्षक ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण, दिए निर्देश



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन के दृष्टिगत स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने उपस्थित कार्मिकों से कहा कि वह भारत निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप कार्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सी-विज़िल एप के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी शिकायतों को प्राप्त कर उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डा. वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।



## प्रेक्षक ने किया वेब कास्टिंग मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए जनपद में भेजे गए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वह की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट नज़र आएं। प्रभारी वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग सेल, जिला विकास अधिकारी श्वेतांक पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 1321 पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग कराई जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कैमरा, सॉकेट, इंटरनेट कनेक्शन आदि की व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग सेल में 32 एलसीडी, 32 लैपटॉप व अच्छी क्षमता व फ्रीक्वेंसी वाला इंटरनेट कनेक्शन लगाया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव को निर्विघ्न व सकुशल रूप से निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डा. वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीएलओ ने मतदाता पर्ची का वितरण किया शुरु

**बिल्सी।** बदायूं सीट के लिए सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में किसी भी मतदाता को परेशानी न हो। इसके लिए क्षेत्र के बूथ लेबिल अधिकारी (बीएलओ) ने मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण शुरु कर दिया है। इस दौरान बीएलओ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक भी कर रहे है। ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची उपलब्ध करा दी गई है। जिसका वितरण घर-घर जाकर बीएलओ ने शुरु कर दिया है। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के आधार पर हर मतदाता तक मतदाता पर्ची पहुंचाने के लिए क्षेत्र के बीएलओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान बीएलओ को मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने सहित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## दो बाइकों की भिंड़त में दवा एमआर हुआ घायल

**बिल्सी।** उझानी-बिल्सी मार्ग पर स्थित गांव सिरासौल के निकट गुरूवार की रात दो बाइकों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें एक दवा कंपनी का एमआर घायल हो गया। जिसका उपचार नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक नगर के वार्ड संख्या 17 निवासी दुष्यंत कुमार वार्ष्णेय पुत्र महेश चंद्र गुप्ता एक दवा की कंपनी में एमआर का काम करते है। रात करीब आठ बजे वह अपनी बाइक से उझानी से काम समाप्त करने के बाद वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गांव सिरासौल के पास पहुंची तभी सामने से आ रही एक बाइक से उनकी बाइक की भिड़त हो गई। जिससे दुष्यंत कुमार वार्ष्णेय की बाइक काफी दूर तक फिसलती गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे बिल्सी के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वही दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

## पुलिस ने नौ वांरटियों को भेजा जेल

**बिल्सी।** एसएसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने अपराध, अपराधियों और वारण्टी अभियान के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने शुक्रवार को नौ वारण्टी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया कि जसवीर पुत्र शिवराज निवासी ग्राम बादशाहपुर, विरासत पुत्र लताफत शेख निवासी ग्राम मिर्जापुर शोहरा, उबैद पुत्र अब्दुल नबी निवासी मोहल्ला संख्या तीन, चन्द्रभान, ओमपाल पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम नागर झूना, रिजवान अली पुत्र फूलन शांह निवासी ग्राम शहजादनगर खेड़ा, द्वारिका प्रसाद पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम उलैया, सत्यवीर पुत्र रनसिंह निवासी ग्राम बेहटा जबी एवं सद्दीक खां पुत्र सूके खां निवासी ग्राम खुलैट के पूर्व में न्यायालय द्वारा वांरट जारी किए गए। जिसके बाद वह न्यायालय में पेश नहीं हुए। थाना पुलिस ने इनको गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# संदिग्ध हालातों में लगी आग से 12 बीघा गेहूं का लांक जला

### उघैती थाना क्षेत्र के गांव पटपरागंज की घटना





**अमर प्रभात संवाद**

**उघैती।** संदिग्ध हालातों में लगी आग से किसान के 12 बीघा गेहूं का लांक जलकर राख हो गया। घटना से किसान के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव शाहपुर पटपरागंज के खेतिहरी इलाके में सत्येंद्र की 12 बीघा गेहूं का लांक निकासी के लिए खेत में रखा हुआ था। शुक्रवार की दोपहर अचानक गेहूं के लांक से किसानों ने आग की लपटे उठती देखीं, तो जंगल में मौजूद किसान आग बुझाने को दौड़ पड़े। खबर मिलते ही सत्येंद्र भी परिवार एवं ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची दमकल एवं निजी नलकूपों से पानी लाकर किसानों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक पूरा लांक जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित किसान ने घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दी है।

## 5 मई को होगी भगवान परशुराम जयंती समारोह की बैठक

**बदायूं।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के संदर्भ में भगवान परशुराम जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में जनपद के समस्त ब्राह्मण समाज के संगठनों की बैठक का आयोजन 5 मई को किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष कौशलानंद उर्फ लालन पांडेय ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं विशाल शोभायात्रा के संदर्भ में जनपद के समस्त ब्राह्मण संगठनों से विचार विमर्श एवं सुझाव के लिए बैठक का आयोजन भगवान परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला में 4:00 बजे किया जाएगा। महामंत्री अजय मिश्रा ने जनपद के समस्त ब्राह्मण संगठन के पदाधिकाररियों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## थाना प्रभारी के खोप से जुआ सरगना सीमावर्ती थाना क्षेत्र में चला रहा नेटवर्क

**अमर प्रभात संवाद**

**फैजगंज बेहटा।** थाना प्रभारी के डर से थाना क्षेत्र छोड़कर सीमावर्ती क्षेत्रों जुआ माफिया कपिल गुप्ता सक्रिय है। सूत्र बताते है की कपिल गुप्ता 10 साल से जुए का नेटवर्क चला रहा है और पिछले थाना प्रभारियों के रहते थाना क्षेत्र में भी धड़ल्ले से जुए का कारोबार चल रहा था। लेकिन जैसे ही थाने की कमान वेदपाल सिंह ने संभाली तभी से अब जुआ सरगना थाना प्रभारी वेदपाल सिंह से डर गया और अब थाना क्षेत्र छोड़कर अन्य सीमावर्ती थाना क्षेत्र मैं जुए का कारोबार चला रहा है। लेकिन सीमावर्ती थाना क्षेत्र की पुलिस को इसकी भनक भी नही लग सकी है। बताया जाता है की चुनावो मैं पुलिस को टाईम नही मिल पाने के कारण जुआ माफिया और तेज़ी से अपना धंधा चला रहा है। सूत्र बताते हैं कि अगर कपिल गुप्ता के फोन नम्बर की जांच व कॉल डिटेल निकाली जाए तो बहुत बड़ा खुलासा हो सकता है। सूत्र बताते है की जुआ खेलने के लिए अन्य जिले के लोग भी मोटा जुआ खेलने कपिल गुप्ता के पास आते है और कपिल गुप्ता जुआरियों को फाइनेंस भी करता है। वह 10 हजार देकर जुआरियों से 12 हजार रूपये की वसूली करता है। कपिल गुप्ता जुआरियों को खाने पीने की बंदोबस्त भी करता है। अब देखना ये है कि आखिर कब तक पुलिस की पकड़ से बहार रहेगा जुआ माफिया कपिल गुप्ता।

# सांठगांठ कर जमकर चल रहा हरे पेड़ों का कटान

**अमर प्रभात संवाद**

**कुंवरगांव।** थाना क्षेत्र में हरे वृक्षों का कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गैर जनपद के लकड़ी माफिया स्थानीय सांठगांठ से धड़ल्ले से वृक्षों का कटान कर रहे हैं जिसमें वन विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता रहती है जिनके द्वारा क्षेत्र में हरे वृक्षों का कटान कराया जा रहा है।

रामपुर क्षेत्र के लकड़ी माफिया ने दो दिन से थाना क्षेत्र के गांव बनेई और



वनगवां के बीच जंगल में वर्षों पुरानी कीमती हरे नीम और जामन आदि के बाग से हरे पेड़ धड़ल्ले से काटे जा रहे हैं। स्थानीय और बाहर के लकड़ी माफिया सांठगांठ करके क्षेत्र में खुलेआम हरे पेड़ों का जमकर दोहन कर रहे हैं। एक तरफ सरकार वृक्षारोपण करा रही हैं दूसरी ओर जिम्मेदार आदमी माफियाओं से मिलकर हरे पेड़ों का कटान करा रहे हैं। इस संबंध में वन विभाग क्षेत्र अधिकारी आकांक्षा गुप्ता का कहना है की 20 पेड़ों की अनुमति है।

### जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को जागरूकता अभियान सुचारू

## बदायूं क्लब में आज होगा मतदाता जागरूकता महोत्सव और दीप दान

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** 23-लोकसभा सीट पर आगामी 07 मई को होने वाले मतदान दिवस पर वोटिंग प्रतिशतता बढ़ाने हतु जिला प्रशासन समेत अन्य सभी संघठनों द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने के उद्देशय से जिले में विविध कार्यकम सुचारू हैं। इसी के तहत ध्यान देंकि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कल,04 अप्रैल को मतदाता महोत्सव का भव्य आयोजन बदायूं क्लब में शाम से शुरू होगा।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस महोत्सव में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर आयोजन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य प्रस्तुति, नाटक मंचन, कविता पाठ, बदायूं के फ़िल्मी कलाकार अमिताभ बच्चन डुप्लीकेट फिरोज, कब्बाली आदि सहित भव्य रंगोली एवं भव्य दीप दान करके मतदाताओं को शपथ भी दिलाई जाएगी। महोत्सव में चुनाव प्रेक्षकगण की गरिमामयी उपस्तिथि रहेगी। जनमानस के मनोरंजन के लिए खाने पीने के स्टाल एवं बच्चों के झूले का भी इंतजाम रहेगा। इस आयोजन में समस्त स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापार मंडल सदस्यों, शिक्षकबन्धु आदि सहित सभी जनमानस को आमंत्रित किया गया है।

## कोतवाली परिसर में बंदरों के हमले से होमगार्ड कर्मी घायल

**उझानी।** शुक्रवार की सुबह कोतवाली परिसर में ड्यूटी पर पहुंचे होमगार्ड जवान पर वहा मौजूद बंदरों का झुण्ड अचानक हमलावर हो गया।जिसके बाद पीड़ित को प्राथमिक उपचार दिलाया गया।ध्यान रहे कि ग्राम अहमद नगर असौली निवासी होमगार्ड अमृतलाल शुक्रवार को डयूटी पर कोतवाली पहुंचा था ।इसी समय परिसर में मौजूद बंदरों ने अकस्मात हमला करते हुए होमगार्ड कर्मी के शरीर पर कई जगह चोट पहुंचाकर घायल कर दिया। बाद में घायल होमगार्ड अम्रतलाल को पुलिस स्टाफ ने स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया मतदान के प्रति जागरूक

### वजीरगंज में भी विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए





**अमर प्रभात संवाद**

**दातागंज।** क्षेत्र स्थित ब्लूमिंग डेल शिक्षण संस्था के छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जगह -जगह नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस मौके पर कस्वे के पेट्रोल पंप तथा मुख्य बाज़ार के अलावा कांसपुर मार्ग और तहसील परिसर में विविध आयोजनों से जनता का दिल जीत गया।इस मौके पर विधालय की अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता तथा श्वेता मेहंदीरत्ता ने सभी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और अन्य आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य, विभाग प्रमुख कीर्ति शर्मा , प्रवेश प्रमुख दुर्गेश झा, हिंदी प्रवक्ता केडी पाठक, अध्यापक प्रियांशु सिंह, निज़ाम हुसैन, समीर अंसारी तथा देवेन्द्र मिश्र का विशेष सहयोग रहा।

बजीरगंज ।स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी उमेंद्र दत्त त्रिपाठी ने जागरूकता रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया। सभासद सुमित कुमार, एसएमसी अध्यक्ष हरि किशोर आदि की उपस्थित में छात्र-छात्रा मोनिश, इरम,शहानूर ,अंजली ,खुशनवी द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक सपना वार्ष्णेय ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवम योग्यता आधारित योजना परीक्षा में विद्यालय के तीन बच्चे आयुषी, मुस्कान, मुबारिक सफल हुए हैं जिन्हे खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभा सक्सेना, प्रतिभा चौहान, प्रतिभा शंखधार,नीरज वर्मा, निधि राठौर, यामीन आदि शिक्षक व बहुत अधिक संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# अब बिरादरी के सहारे भव पार करने को उतारू हुई भाजपा

### जिले में ठाकुर,मौर्य-शाक्य और यादव वोटर को पाले में करने के लिए निरन्तर चक्कर काट रहे स्टार प्रचारक

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं ।** जनपद में घोषित तीसरे चरण का मतदान सन्निकट है। इससे पहले के दो चरणों में कार्यकर्ता की सुस्ती पर वोटिंग प्रतिशत देखकर भाजपाई कद्दावरो की पेशानी पर खम और चिंता का पसीना महसूस किया जा रहा है। इसका आभास कमशकम बदायूं क्षेत्र में अवश्य किया जा रहा है। यहाँ गोय करें कि वर्तमान राजनैतिक हालातों के मद्देनजर यहाँ भाजपा को सब कुछ ठीक नही चल रहा है। यह दिल्ली में बैठे दिग्गजों को भी लग रहा है। यही बझ हैकि यूपी की चुनावी बागडोर देश के सेकेंड पीएम कहे जाने वाले गृहमंत्री ने अपने हाथों ले ली है। इसके साथ जिले में लोकसभा चुनाव अब लोकल मुद्दों से विरत होकर बिरादरी को बटोरने पर पहुंच गया। आमजनता देख रही है कि स्टार प्रचारकों के रूप में बिरादरी मठाधीशो ने जैसे बदायूं में डेरा डाल दिया है। 2019 लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस चुनाव में गौर करें तो ठाकुर बिरादरी वोट को जुटाने के लिए स्वय मुख्यमंत्री कई बार बदायूं की सरजमी पर आये हैं। इसी तरह मौर्य-शाक्य का सतुलन बनाये रखने की खातिर डिप्टी सीएम भी जिले में आकर जाति वोट बैंक पर चुनावी जबड़ा जमाए है।ध्यान देंकि पूर्व की भांति भाजपा के उपमुख्यमंत्री कल



शनिवार को भी जिले की उसहैत और कादरचौक की जनता के बीच मौजूद होंगें। इस चुनाव नतीजे जो हो वो बाद की बात हैकि किन्तु पार्टी के बयानवीरो को सुने तो उनकी जुबान पर दो शहजादों के नाम ही उल्लेखित मिल रहे है मानो उनसे इस बार तगड़ी फाईट है। लोग मां रहे हैकि यादवलैंड कहे जाने वाले जिले के सहसवान, गुन्नौर बैल्ट पर बीजेपी का विशेष फोकस जमा है। सैफई परिवार के एकमुश्त विरादरी वोट पर सपा की बाट लगाने की खातिर ही शुक्रवार को यूपी के सीएम अपने संग एमपी के यादव मुख्यमंत्री को लेकर गुन्नौर पहुंचे थे ।इसी मौके पर आहूत एक जनसभा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने बिरादरी को साधा है। डा. मोहन यादव ने कहा कि मैं गुन्नौर में आया तो पहली बार हूं लेकिन आपका प्रेम देखकर बार-बार आने की इच्छा होगी। अभी हम चुनाव के बेला में हैं, मैं जिसके सामने बोल रहा हूं वो यदुवंशियों की संख्या है। मेरी विधानसभा में पांच सौ यादव भी नहीं है।उन्होंने सपा प्रमुख और उनके वारिस का नाम लिए वगैर कहा कि पिता जी या बेटा जी ने किसी यादव बंधु को मौका नहीं दिया। इसका मतलब उनका दायरा बहुत छोटा हो गया। गुन्नौर से किसी को सीएम बना देते क्या तकलीफ होती उनको।यानि शुक्रवार को यादव लैंड में जातिनेता के जरिये भाजपा ने अपना मकसद साधने का मौका नही छोड़ा। इन सब हालातो से वावस्ता जनपदीय लोग समझ और मां चुके है हैकि यह चुनाव बदायूं के विकास और ज्वलंत मुद्दों से विरत होकर सिर्फ और सिर्फ बिरादरियों को साधने तक सिमटता जा रहा है।वैसे अभी तीन दिन शेष है ।देखों आगे क्या-क्या राजनैतिक प्रपंच और गुल खिले...?